नई दिल्ली
मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 27, अंक : 356
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मार्च में दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन**

**1.78 लाख करोड़ पर पहुंचा**



**नई दिल्ली।** मार्च के महीने में जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन में एक बार फिर जबरदस्त उछाल आया है। मार्च में कलेक्शन साल-दर-साल 11.5% की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने बताया कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी कलेक्शन बढ़ा है। यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है।

# मिस्ड कॉल अभियान के जरिए देशभर से पौने 4 लाख के लगभग सुझाव आए

भाजपा को चुनाव संकल्प पत्र के लिए देशभर से मिले सुझाव

नमो ऐप पर भी 1 लाख 70 हजार के लगभग सुझाव आए

## राजनाथ की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा पत्र समिति की हुई पहली बैठक

## लगभग 35 दिनों तक 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने के लिए भाजपा मुख्यालय में बैठक हुई। चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम मुद्दों और देशभर से आए सुझावों पर चर्चा हुई। गोयल ने कहा कि कुछ ही दिनों में अगली बैठक होगी और समाज, देश और जनता के हित को ध्यान में रखकर पार्टी अपने संकल्प पत्र को फाइनल रूप देगी।

बैठक में 8 केंद्रीय मंत्री और 3 मुख्यमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हुए।

बैठक में कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई और अलग-अलग विषय पर सभी ने अपने अमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में 2047 के विकसित भारत के रोड मैप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के संकल्प पत्र के बारे में चर्चा हुई। चुनाव घोषणा पत्र को लेकर भाजपा द्वारा चलाए गए देशव्यापी अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 35 दिनों तक 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। देश के 100 से ज्यादा शहरों में अलग-अलग समाज के वर्गों, व्यावसायिक, व्यापारिक एवं बुद्धिजीवी संगठनों के साथ सभाएं की गईं, मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया और नमो एप के जरिए भी सुझाव लिए गए। गोयल ने आगे बताया कि मिस्ड कॉल अभियान के जरिए देशभर से पौने 4 लाख के लगभग सुझाव आए और नमो ऐप पर भी 1 लाख 70 हजार के लगभग सुझाव आए।

उन्होंने कहा कि आज की बैठक में इन सुझावों का संकलन करते हुए इसे शॉर्ट लिस्ट किया गया है जिस पर आज सार्थक चर्चा हुई और इसके आधार पर पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हर संकल्प पत्र में हर विषय को गंभीरता से लेती है और गंभीरता से चर्चा के बाद ही उन मुद्दों को संकल्प पत्र में लेती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### शेफाली ने संभाला महानिदेशक का पदभार



**नई दिल्ली।** भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली बी. शरण ने सोमवार को प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाल लिया। शेफाली शरण 1990 बैच की अधिकारी हैं। तीन दशक से अधिक के शानदार करियर के दौरान वित्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे मंत्रालयों के लिए मीडिया प्रचार संभाला है।

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 32 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** एक अप्रैल आम जनता के लिए महंगाई से राहत लेकर आया है। सरकार की ओर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है। कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर का रेट 1764.50 रुपए हो गया है। पहले ये 1795 रुपए था। दिल्ली में 30.50 रुपए कम हुए हैं।

### उबर ऑटो में सवारी पर 1 करोड़ से अधिक बिल



**हैदराबाद।** सोशल मीडिया में हैदराबाद के एक ब्लॉगर ने दावा किया कि, उबर ने शहर में 10 मिनट की ऑटो सवारी के लिए उससे 1 करोड़ का बिल दिया। श्रीराज नीलेश ने कहा कि उनकी पत्नी मनसा ने टिन फैक्ट्री, केआर पुरम से कोरमंगला जाने के लिए एग्रीगेटर ऐप का उपयोग कर ऑटो रिक्शा बुक किया था। शुरुआत में 207 रुपए किराया दिखाया था।

## 15 अप्रैल तक जेल में रहेंगे केजरीवाल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

# मुख्यमंत्री केजरीवाल का 'नया' पता...जेल नंबर 2, तिहाड़ जेल

28 मार्च को अदालत ने उनकी हिरासत को 1 अप्रैल तक चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया था

**पेशी के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा पीएम जो कर रहे हैं ठीक नहीं कर रहे हैं**

जेल जाने के बाद अब बड़ा सवाल है कि केजरीवाल क्या जेल से सरकार चला पाएंगे? या वे इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी सुनीता कुर्सी संभालेंगी या फिर उनकी सरकार चली जाएगी? आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा।

**मनीष सिसोदिया जेल नंबर-2 से जेल नंबर-5 में होंगे शिफ्ट**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी कस्टडी खत्म होने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में दिया है। वे अब तिहाड़ जेल की बैरक नंबर 2 में रहेंगे।

उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और तब से बतौर मुख्यमंत्री जेल से वह अपनी सरकार चला रहे हैं। पेशी के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा-पीएम जो कर रहे हैं ठीक नहीं कर रहे हैं। ईडी ने सुनवाई की शुरुआत में कोर्ट के सामने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और घुमा-फिरा कर जवाब दे रहे हैं। ईडी न यह भी कहा कि वह अपना मोबाइल भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। 28 मार्च को अदालत ने उनकी हिरासत को 1 अप्रैल तक चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया था। गौर हो कि इससे पहले मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन भी तिहाड़ जेल में हैं।

**सत्येंद्र जैन 7 और संजय सिंह 5 नंबर में, के कविता 6 नंबर जेल में मौजूद**



तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

### केजरीवाल ने झाड़ा पल्ला, आतिशी-सौरभ का लिया नाम

■ आतिशी आज करेंगीं बड़ा खुलासा

ईडी की तरफ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने इस दौरान आतिशी का नाम लेते हुए एक बड़ा दावा किया। राजू ने कहा कि विजय नायर केजरीवाल के करीबी रहे हैं। केजरीवाल ने पूछताछ में कहा कि नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था। राजू के मुताबिक दिल्ली के सीएम ने कहा कि नायर आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। पहली इस मामले में आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम आया है। आतिशी ने दावा किया कि आज इस मामले में बड़ा खुलासा करेंगी।

### सुनवाई 3 अप्रैल को फिर शुरू होगी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख भी किया है। यह तर्क देते हुए कि जांच एजेंसी ने उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 2 अप्रैल तक जवाब मांगा था। सुनवाई 3 अप्रैल को फिर शुरू होगी। आम आदमी पार्टी ने गिरफ़्तारी को राजनीतिक साजिश करार दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी ने से विपक्षी खेमा लगातार विरोध जता रहा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 6.30 बजे चाय, लंच में दाल सब्जी, पांच रोटी या चावल

तिहाड़ में रह रहे कैदियों के दिन की शुरुआत जेल शेड्यूल के मुताबिक सुबह 6:30 बजे होगी। कैदियों को नाश्ते में चाय और ब्रेड दी जाती है। यहां हर कैदी को यह टाइम शेड्यूल फॉलो करना होता है। अरविंद केजरीवाल भी इसे फॉलो करेंगे। दोपहर का खाना सुबह 10:30 से 11 बजे के बीच दिया जाएगा, जिसमें एक दाल, एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केजरीवाल ने की मांग**

### गीता, रामायण व धार्मिक लॉकेट पहनने की अनुमति

कोर्ट के फैसले के बाद सीएम के वकीलों ने कोर्ट के सामने कस्टडी के दौरान कुछ किताबें उपलब्ध कराए जाने की मंजूरी मांगी है। इन किताबों में भगवद गीता, रामायण और पत्रकार नीरजा चौधरी की किताब 'हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसीजन' हैं। केजरीवाल ने आवेदन दायर कर न्यायिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चुनावी बॉन्ड डेटा पर पीएम मोदी बोले**

# जो लोग इस पर 'नाच' रहे हैं, वे सब पछताएंगे



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना के कारण ही चंदे के स्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका। अगर आज जानकारी उपलब्ध हुई है तो उसकी वजह बॉन्ड है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी बॉन्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगने की बात खारिज कर दी और कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोग पछताएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि क्या चुनावी बॉन्ड डेटा से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है, तो पीएम मोदी कहा कि मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉन्ड के विवरण) को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हर काम में राजनीति नहीं देखनी चाहिए

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी को उनके हर काम में राजनीति नहीं देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए काम करते हैं। अगर वोट उनकी मुख्य चिंता होती, तो उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए इतना कुछ नहीं किया होता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के मंत्रियों ने 150 से अधिक बार क्षेत्र का दौरा किया है और वह स्वयं भी अन्य सभी प्रधानमंत्रियों की तुलना में अधिक बार वहां गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बीजेडी सांसद अनुभव मोहंती भाजपा में हुए शामिल, पटनायक को झटका**

# विकसित भारत के लिए, लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करना चाहिए: अनुभव मोहंती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के केंद्रपाड़ा से लोकसभा सांसद अनुभव मोहंती सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। बीजू जनता दल से सांसद मोहंती ने यह फैसला टिकट नहीं मिलने पर लिया। उन्होंने हाल ही में बीजेडी से इस्तीफा दिया था। मोहंती के आने के बाद भाजपा को लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में ताकत मिली है। भर्तृहरि महताब के बाद वह 2024 के आम चुनाव से पहले क्षेत्रीय पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले बीजद के दूसरे मौजूदा सांसद हैं।



2019 में केंद्रपाड़ा से लोकसभा के लिए चुने जाने से पहले मोहंती राज्यसभा सदस्य थे।

भाजपा मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह बीजेडी में बहुत घुटन महसूस कर रहे थे। एक्टर और सांसद मोहंती ने भाजपा में शामिल होते ही मोदी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले पांच वर्षों में तीन तलाक के उन्मूलन और नए आपराधिक कानूनों की शुरूआत सहित संसद में कई ऐतिहासिक उपायों के पारित होने पर गर्व है। केंद्रपाड़ा के सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि विकसित भारत के लिए, लोगों को मोदी का समर्थन करना चाहिए। सरकार द्वारा साहसिक कदम उठाए गए हैं। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष एक साथ आकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सफल नहीं हो रहा है। तावड़े ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**देश में अब एक वाहन, एक फास्टैग**

## वाहन पर नहीं लगा सकेंगे एक से अधिक फास्टैग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चुनाव से पहले कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत**

# 3500 करोड़ रु. को लेकर अभी नहीं होगी कोई कार्रवाई

◆ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पर 3500 करोड़ रुपए के आयकर विभाग नोटिस को लेकर फिलहाल लेकर कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ी राहत दी है।

आयकर विभाग ने कांग्रेस को हाल ही में 1700 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग से कांग्रेस पार्टी को जारी टैक्स रिकवरी नोटिस के खिलाफ दाखिल कांग्रेस की याचिका पर जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीही की बेंच ने सुनवाई की। आयकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि 3500 रु. की डिमांड

आयकर विभाग की तरफ से सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि 3500 रु. की डिमांड है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले की सुनवाई जून महीने में की जाए। तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जो डिमांड की है उसे स्थगित कर रहे हैं? एसजी ने आगे कहा कि हम बस ये कह रहे हैं कि चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए।

**आष्टा में होली उत्सव के दौरान किसी ने गुलाल की जगह फेंका था नारियल**

# पं. प्रदीप मिश्रा के ब्रेन में लगी चोट मनासा में होने वाली कथा 'निरस्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर/नीमच

29 मार्च को आष्टा में आयोजित होली समारोह में प्रख्यात कथा वाचक पंडित मिश्रा को किसी ने गुलाल की जगह नारियल फेंक दिया, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। जिससे उनके ब्रेन में सूजन आ गई है। डॉक्टरों ने उनको कथा करने से मना किया है।

पं. मिश्रा सोमवार को नीमच जिले के मनासा में मंच पर आकर रूबरू हुए और श्रद्धालुओं को यह जानकारी दी। यहां शिव महापुराण कथा निरस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि मैं अस्पताल से छुट्टी लेकर यहां पहुंचा हूं। स्वास्थ्य सही नहीं होने से कथा नहीं हो सकेगी। अगर स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो आगामी कथा होगी। अन्यथा वे भी निरस्त होंगी। जिले के मनासा में एक से सात अप्रैल तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन मनासा के राठौर परिवार द्वारा किया जा रहा था।

*डॉक्टरों ने उन्हें चोट ठीक होने तक कथा नहीं करने की सलाह दी*



**कोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेजा**

शीर्ष कोर्ट ने कहा- सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट ने धार की भोजशाला में एएसआई के सर्वे पर रोक लगाने से साफ 'इनकार' किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश की धार भोजशाला और कमल मौला मस्जिद में जारी एएसआई सर्वे पर रोक लगाने की मांग ठुकरा दी है।

कोर्ट ने इसके साथ ही सभी पक्षों को इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस भेजा है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भोजशाला में एएसआई सर्वे करने के इजाजत दी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने एक अप्रैल को दिए अपने आदेश में यह जरूर कहा है कि सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इतना ही नहीं, सर्वोच्च अदालत ने यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा है कि विवादित स्थल पर कोई भी भौतिक खुदाई नहीं की जानी चाहिए, जिससे इसका मूल स्वरूप बदले



### 4 हफ्ते में एएसआई अपनी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करेगी

इस मामले में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में एएसआई सर्वे रोकने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष को भी नोटिस दिया है। हम अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। इसके साथ ही एएसआई सर्वे को लेकर उन्होंने कहा कि 4 हफ्ते के अंदर ही एएसआई भी सर्वे की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल करेगी।

### 22 मार्च को एएसआई का पुरातात्विक सर्वे शुरू हुआ था

*गौर हो कि इस स्थल पर पिछले महीने 22 मार्च को एएसआई का पुरातात्विक सर्वे शुरू हुआ था। जैसे वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्पेशल सर्वे किया गया था, ठीक उसी तर्ज पर भोजशाला में सर्वे हो रहा है। मुस्लिम पक्ष ने 22 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट से याचिकाकर्ताओं ने तुरंत इस मामले में सुनवाई करने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से सीधे तौर पर इनकार कर दिया था।*

## पुलिस, फायर विभाग तथा वन विभाग वालों ने लिया शिकंजे में

# बुराड़ी में तेंदुआ ने किया कईयों को घायल, दहशत नहीं हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





बुराड़ी क्षेत्र अंतर्गत जगतपुर में सोमवार सुबह एक मकान में तेंदुआ घुस गया जिसने पांच लोगों को घायल कर दिया। लेकिन इस खतरनाक तेंदुए को लोगों ने एक घर में कैद कर दिया। जिस घर के कमरे में तेंदुए को कैद किया गया, ठीक उसके साथ वाले कमरे में तीन मासूम बच्चे सोए हुए थे। लेकिन गनीमत रही की तेंदुए को पहले ही दूसरे कमरे में बंद कर दिया गया। जिसके बाद मौके पर अलग अलग समय पर पुलिस व फायर विभाग तथा वन विभाग वाले पहुंचे और तेंदुए को पिंजरे में पकड़कर ले गए। तेंदुए के पकड़े जाने से फौरी तौर पर बेशक लोग राहत महसूस कर रहे है, लेकिन पूरे बुराड़ी क्षेत्र के लाखों लोग खौफ से बाहर नहीं आए है। क्योंकि इससे पहले भी बुराड़ी गांव, जगतपुर गांव व आसपास के खेतों में तेंदुआ व चीता देखा जा चुका है। जानकारी अनुसार तेंदुआ सुबह करीब पांच से साढ़े पांच बजे गांव में घुसा था। जिसके बाद वह गलियों से होते हुए कई घरों की छतों पर कूदता हुआ इधर उधर भागता रहा। इस दौरान गांव में रहने वाले कई लोगों पर उसने हमला भी किया। इस हमले में गांव के तीन लोग रामपाल, महेंद्र और आकाश भी तेंदुए के हमले में घायल हो गए जिन्हें बाद में अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि दो तीन लोग मामूली रूप से घायल बताए गए है। स्थानीय निवासी चौधरी बीर सिंह ने बताया कि उसने खुद तेंदुए का सामना किया और लाठियां भी चलानी पड़ी। वहीं चौधरी कसाना का कहना है कि जगतपुर गांव यमुना नदी व बायोडायवर्सिटी पार्क के जंगलों से घिरा हुआ है, जिससे हिंसक जंगली जानवरों के आने की घटनाएं होती रहती है। बावजूद इसके वन्य विभाग या जो भी संबंधित विभाग है उनकी तरफ से लोगों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। वहीं स्थानीय निवासी राधेश्याम ने बताया कि यहां यमुना नदी में रोजाना सुबह से लेकर शाम तक हजारों लोग यमुना में नहाने आते है, कुछ पूजा पाठ करते है। ऐसे में तेंदुआ जैसा हिंसक जंगली जानवर की रोकथाम नहीं होती है तो भविष्य में यहां कोई बहुत बड़ी घटना घट सकती है। बता दें कि यमुना किनारे बसे बुराड़ी व जगतपुर गांव सहित अन्य कई गांव आते है। समय के साथ बुराड़ी क्षेत्र में लोगों की बसावट बढ़ती गई और आज लगभग चार से पांच लाख लोग इस क्षेत्र में रहते है। जगतपुर में ही डीडीए का बायोडायवर्सिटी पार्क भी है, और जंगल जैसा माहौल रहता है। जिसके चलते यह क्षेत्र वन्य जीवों के लिए एक आकर्षण का कारण बनता है। यहां समय समय पर तेंदुआ व चीता जैसा खतरनाक प्राणी आने की खबर पहले भी आती रही है। वहीं गत वर्ष ही बुराड़ी के नजदीक यमुना किनारे खेतों में पहले भी तेंदुआ देखा गया था। वहीं करीब चार महीने पहले दिसंबर के दौरान दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म में भी एक तेंदुआ देखा गया था। वहीं दिसंबर माह में ही उत्तरी दिल्ली के ही अलीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार की टक्कर लगने से एक तेंदुए की मौत हो गई थी। यह घटना रिंग रोड़ पर में बने नए खाटूश्याम धाम के पास की है।

### जेनयू परिसर में छात्रा के यौन उत्पीड़न के चार आरोपियों में दो पूर्व छात्र

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर परिसर में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने आरोप लगाया कि दो पूर्व छात्रों सहित चार लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के हैं। हालांकि, एबीवीपी ने इस आरोप से इनकार किया और दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर कार्यालय को 31 मार्च की रात यौन उत्पीड़न के संबंध में शिकायत मिली।

अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह और उसका मित्र देर रात करीब दो बजे जेएनयू रिंग रोड के पास टहल रहे थे, तभी यह कथित घटना हुई। शिकायत के अनुसार दो पूर्व छात्र समेत चार लोगों ने कार से कथित तौर पर उनका पीछा किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है। दोनों पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली नगर निगम ने अवैध प्रचार सामग्री पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लगी आचार संहिता को देखते हुए दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सभी 12 जोनों में अवैध रूप से लगाई गई प्रचार सामग्री को हटाने के कार्य को जारी रखते हुए सोमवार तक पांच लाख 20 हजार प्रचार सामग्री पर कार्रवाई की है। इस प्रचार सामग्री में पोस्टर्स, होडिंग्स, बैनर्स और छोटे बोर्ड शामिल हैं। निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## निगम ने संपत्तियों की जियो-टैगिंग की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ तकनीकी गड़बड़ियों के संज्ञान में आने के बाद बढ़ाई तिथि

दिल्ली नगर निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संपत्ति की जियो-टैगिंग-अंतिम तिथि का विस्तार कर दिया है और अब यह अंतिम तिथि 30 जून, 2024 तक बढ़ाई दी गई है। जोकि पहले यह 31 मार्च 2024 थी। दिल्ली नगर निगम के ए एंड सी विभाग प्रमुख वीर सिंह यादव, आईआरएएस ने सोमवार को बताया कि यह कार्यालय आदेश दिनांक 29 फरवरी 2024 के क्रम में है जिसके तहत ए एंड सी विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए थे। एमसीडी ने 31 मार्च, 2024 तक एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के तहत सभी संपत्तियों की जियो-टैगिंग की और विभिन्न संचार माध्यमों/सार्वजनिक नोटिस/शिविरों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार किया था। उन्होंने बताया कि निगम के संज्ञान में यह आया है कि बड़ी संख्या में करदाता विभिन्न तकनीकी गड़बड़ियों या अन्य कारणों से एमसीडी पोर्टल पर अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने में असमर्थ थे। इसलिए, करदाताओं को अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने का एक और अवसर देने के लिए, करदाताओं द्वारा संपत्तियों की जियो-टैगिंग की अंतिम तिथि 30 जून, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यदि करदाता अपनी संपत्ति को जियो-टैग करने में विफल रहता है, तो वह कर के एकमुश्त भुगतान पर छूट का लाभ नहीं उठा सकता है। सभी संपत्ति मालिकों/कब्जाधारियों, जिन्होंने अब तक अपनी संपत्तियों को जियो-टैग नहीं किया है, से अनुरोध है कि वे नियत तिथि यानी 30 जून, 2024 तक अपनी संपत्ति को जियो-टैग करें।

## एनजीडीआरएस ऐप के कारण सम्पत्ति पंजीकरण में भ्रष्टाचार : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सुलभता से सम्पत्ति पंजीकरण के लिए डेट एवं टाइम नहीं मिल रहा

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि जहां देश भर में अनेक सरकारें तकनीक का इस्तेमाल कर जनता को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए काम कर रही हैं तो वहीं दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए नेशनल जैनरिक डाक्यूमैंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एन.जी.डी.आर.एस.) ऐप के कारण सम्पति पंजीकरण में भ्रष्टाचार तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। गत 2023 तक कभी कभी शिकायत मिलती थी कि सम्पति पंजीकरण जल्दी करवाना हो तो रिश्वत देनी पड़ती है पर अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस कभी कभी होने वाली रिश्वतखोरी को रोकने के नाम पर 1 जनवरी से सम्पति पंजीकरण के लिए एक एन.जी.डी.आर.एस. नाम का एक ऐप लागू किया। राजस्व मंत्री आतिशी ने दावा किया कि अब लोगों को सुलभता से सम्पत्ति पंजीकरण की डेट एवं टाइम मिला करेगा पर सुविधा मिलना तो दूर इस नये ऐप ने सम्पति पंजीकरण कराने वालों को रिश्वत के नये जंजाल में फंसा दिया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि दिसंबर 2023 तक जो तेजी से पंजीकरण डेट लेना क्षेत्र अनुसार अत्यधिक 5000 रुपये अतिरिक्त देने का काम था अब आतिशी के एन.बी.डी.आर.एस. ऐप के बाद 30 हजार से करीब सवा लाख अतिरिक्त देने का काम बन गया है। कपूर ने कहा है कि सोमवार को पीतमपुरा में जल्दी सम्पति पंजीकरण 50 हजार रूपए का पड़ रहा, कश्मीरी गेट पर 80 हजार का तो महरौली में 1 लाख रूपए अतिरिक्त का खेल बन गया है। कपूर ने मांग की है कि सम्पति पंजीकरण के एन.जी.डी.आर.एस. ऐप में रिवर्स का प्रावधान खत्म हो और "व्यक्ति की विल" एवं संपत्ति के असल पंजीकरण का समय अलग किया जाये।

## आईपी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सीखी फिल्म निर्देशक से बारिकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन के छात्रों ने आज जाने- माने फ़ल्मि निर्देशक तरुण डुडेजा से फ़ल्मि निर्देशन की बारिकियां सीखीं। 'धक-धक' फ़ल्मि में अपने निर्देशन का लोहा मनवा चुके फ़ल्मि निर्देशक तरुण डुडेजा सोमवार को विशेष तौर पर यूनिवर्सिटी कैम्पस में आए और मास कम्यूनिकेशन के छात्रों से अपने फ़ल्मिी सफ़र के अनुभव साझा किए। उन्होंने नए लोगों के लिए फ़ल्मिी दुनिया में उपलब्ध अवसर और चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को उन अवसरों को पाने और उन चुनौतियों से निपटने के टिप्स भी दिए। इस अवसर पर तरुण डुडेजा निर्देशित पहली लघु फ़ल्मि 'लिसनर' छात्रों को दिखाई गई। तरुण डुडेजा आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र हैं। इन्हें फ़ल्मि 'धक- धक' के लिए 2023 का फिल्मफेयर अवार्ड मिला है।

उन्होंने कहा कि उन अवसरों को पाने के लिए हमें सेट पर्सेप्शन के दायरे से बाहर निकलना पड़ेगा। हमें यह समझना होगा कि फ़ल्मि का मतलब सिर्फ़ अभिनय करना नहीं है। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने इस अवसर पर तरुण डुडेजा को आईपी यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र होने के लिए सम्मानित भी किया और वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक एवं यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन के सहायक प्रोफेसर विनय शंकर ने कहा कि वे छात्रों को किताबों से परे अपने सपने के किरदारों से रूबरू कराना चाहते हैं। तभी वे अपने पसंदीदा करियर के व्यावहारिक पहलू से परिचित हो पाएंगे। यह कार्यक्रम उसी पहल की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

### दिल्ली में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में आज दिन के दौरान सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 30 से 90 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं, अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

### प्रह्लादपुर की एक फैक्टरी में लगी आग , कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रह्लादपुर इलाके में स्थित पीवीसी पाइप बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना अब तक नहीं मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रविवार रात करीब आठ बजकर 25 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने में दमकल विभाग की 15 गाड़ी लगाई गईं। आग को काबू करने में चार घंटे से अधिक समय लगा। अधिकारी ने बताया कि दमकल की पांच गाड़ियां अब घटनास्थल को ठंडा करने का काम कर रही हैं।

**गुमशुदा / अपहृत की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सानिया पुत्री संजू** निवासी **विलेज अकबरपुर बरनता,सोनीपत हरियाणा**,जो दिनांक **19.03.2024** से यूनिटी मॉल,रेड लाइट,सेक्टर-**10** रोहिणी दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 135/24 dated** 22.03.2024 **थाना:प्रशांत विहार ,दिल्ली** में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार



सानिया

**उम्र**-15वर्ष,**रंग**-गेहुँआ,**कद**-4'2",**चेहरा**-लम्बा,**शरीर**—पतला,**पहनावा**-क्रीम रंग की हूडि और ग्रे रंग की जीन्स पैंट पहनी हुई है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना **प्रशांत विहार ,दिल्ली** में निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
**DP/3551/RD/2024**

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : प्रशांत विहार ,दिल्ली
फोन : 8750748484

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरती, पत्नी दुर्गेश सिंह निवासी 561149, गली न—15 विजय पार्क, मौजपुर, दिल्ली, स्थाई पता मकान नंबर 165 दुर्गा गली नंबर—4, मौजपुर, दिल्ली ने **FIR No. 237/16 U/s 451/436/448/380/511/34 IPC**, थाना फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त आरती मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त आरती फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **FIR No. 237/16 U/s 451/436/448/380/511/34 IPC**, थाना फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त आरती से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**अखिल मलिक**
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट—02
कमरा नं.38 शाहादरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3632/SHD/2024

### प्रति माह करीब लाखों रुपए देकर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं मरीज

# एमसीडी के राजन बाबू टीबी अस्पताल में दवा की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के जीटीबी नगर, किंग्जवे कैंप स्थित राजन बाबू टीबी अस्पताल और राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस में टीबी मरीजों के लिए दवाईयों की पिछले करीब छ माह से किल्लत है के साथ ही यहां अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से यहां आने वाले जरूरतमंद मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका खुलासा सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने किया है और इसे लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, दिल्ली नगर निगम आयुक्त और राजन बाबू टीबी अस्पताल प्रशासन को पत्र लिखा है। इसके बाद हरकत में आए दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग प्रशासन ने आज मंगलवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में अपने सभी विभाग प्रमुखों को तलब किया है। बता दें कि अशोक अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि मैंने व्यक्तिगत रूप से इस टीबी अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान मरीजों और डॉक्टरों से बातचीत की और मुझे पता चला कि तपेदिक (टीबी) रोग के इलाज के लिए आवश्यक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं और जब भी आपूर्ति आती है, तो आपूर्ति में कमी होती है। ऐसा पिछले 6 महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। बताया गया है कि आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों का स्वास्थ्य दिन-ब-दिन बिगड़ता जा रहा है।

यह भी बताया गया कि इस कमी और अनुपलब्धता से प्रतिदिन 600-700 ओपीडी मरीज प्रभावित हो रहे हैं। आगे कहा गया है कि मेरे दौरे पर मुझे यह भी पता चला कि एमडीआरटीबी आईपीडी रोगियों को बाजार से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। यह एक बहुत ही गंभीर मामला है और दिल्ली उच्च न्यायालय की अवमानना के समान है क्योंकि दशकों पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमसीडी को अस्पताल में टीबी रोगियों को दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। अतः आपसे अनुरोध है कि इस समस्या पर ध्यान दें और क्षय रोग से पीड़ति रोगियों को तत्काल दवाएँ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

#### पिछले करीब ढाई वर्षों से कार्य नहीं कर रही अल्ट्रासाउंड मशीन

वहीं, सोमवार को लिखे गए एक पत्र में कहा है कि राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस में यहां एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले करीब ढाई वर्षों से अधिक समय से काम नहीं कर रही है। अस्पताल नई अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदना चाहता है, लेकिन संबंधित पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण, अस्पताल गैर-कार्यात्मक अल्ट्रासाउंड मशीनों को नए से प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है। यह चौंकाने वाली बात है कि इतना बड़ा अस्पताल बिना अल्ट्रासाउंड मशीन के है।

#### निजी केंद्रों से अल्ट्रासाउंड कराने को होना पड़ रहा मजबूर

इसी कारण राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस में पिछले ढाई साल से अधिक समय से अल्ट्रासाउंड मशीन खराब रहने के कारण गरीब मरीजों को निजी केंद्रों से अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह प्रस्तुत किया गया है कि बाहर से किए गए अल्ट्रासाउंड के कारण, अस्पताल गरीब मरीजों पर वित्तीय बोझ डालता है और कभी-कभी धन की कमी के कारण गरीब मरीज निजी केंद्रों का रुख भी नहीं करते हैं। अस्पताल का यह इनकार स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन है।

#### बाहर से करीब 45 लाख रुपए के होते हैं अल्ट्रासाउंड

बताया गया कि वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 25-30 टीबी रोगियों को डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड की सलाह दी जाती है और एक अल्ट्रासाउंड की न्यूनतम लागत 5000 रुपये से कम नहीं है। 30 अल्ट्रासाउंड का मतलब है प्रति दिन डेढ़ लाख रुपये और प्रति माह 45 लाख रुपये। ये गरीब मरीज हैं जो टीबी जैसी बीमारी से भी पीड़ति हैं और अल्ट्रासाउंड के लिए कोई पैसा नहीं दे सकते। दूसरे शब्दों में, गरीब टीबी रोगियों को इलाज से वंचित कर दिया जाता है और यह मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

### भाजपा ने दिल्ली में अपनी सरकार बनने के लिए 10 विधायकों को तोड़कर लाने को कहा : ऋतुराज

# विधानसभा में सत्तापक्ष के सदस्य का खुलासा : भाजपा में शामिल होने के लिए मिला 25 करोड़ रुपये का ऑफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सोमवार को विधानसभा में सत्तापक्ष के सदस्य ऋतुराज गोविंद ने सदन में सनसनीखेज खुलासा करते हुए दावा किया कि रविवार की रात एक शादी समारोह में उनसे तीन-चार लोग मिले। उन्होंने आम आदमी पार्टी (सत्ताधारी दल) के 10 और विधायकों को तोड़कर अपने साथ लाने पर पूर्वांचल कोटे से मंत्री बनाने का लालच दिया और सभी विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया। ऋतुराज झा ने कहा कि सोमवार सुबह 9:14 बजे मुझे इंटरनेट कॉल कर धमकी दी गई कि रात में हुई बातचीत किसी को बताया तो अच्छा नहीं होगा। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान सत्तापक्ष के सदस्य ऋतुराज गोविंद ने कहा कि ऑपरेशन लोटस पूरे देश में एक ही पार्टी चलाती है, उसका नाम भाजपा है। चाहे वो कर्नाटक, उत्तराखंड, गोवा या कोई अन्य राज्य हो, यही हर जगह देखा गया है। दिल्ली में भी पहले से ही 3-4 बार ये कोशिश की जा चुकी है। हमारे कई साथियों से संपर्क करने की कोशिश पहले भी की गई है। ये लोग दिल्ली की सरकार को गिराना चाहते है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल देश के अंदर एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने दिल्ली में बैठे हुए प्रधानमंत्री मोदी को दिल्ली में चार बार हराया है। पहले उन्हें 2013, 2015 और 2020 में हराया फिर 2022 में नगर निगम के चुनाव में हराया। ऋतुराज गोविंद ने कहा कि रविवार को महारैली के बाद जब मैं बवाना के दरियापुर में एक शादी में गया तो वहां तीन-चार लोग मुझे एक तरफ ले गए और मुझसे कहा कि हम आपको बार-बार फोन पर मनाने और बताने की कोशिश कर रहे हैं। अगर आप नहीं मानोगे तो कुछ नहीं मिलेगा। दिल्ली के अंदर राष्ट्रपति शासन लगाने वाले हैं। आप मान जाओ और अपने साथ 10 विधायकों को तोड़कर ले आओ। सबको 25-25 करोड़ रुपए देंगे और आपको मंत्री पद देंगे, जब दिल्ली में बीजेपी अपनी सरकार बनाएगी। आप पूर्वांचल के नेता हो, आपके संपर्क में बहुत लोग हैं, आपकी सबसे अच्छी बातचीत है, आप उनसे हमारी तरफ से बात करो और हमें रिपोर्ट करो। हम पहले से ही बहुत सारे लोगों के संपर्क में हैं। हम सबको 25-25 करोड़ रुपए भी देंगे और दिल्ली में पूर्वांचल कोटा से मंत्री भी बनाएंगे। जब मैंने उनसे कहा कि तुम्हें क्या लगता है कि हम इतनी आसानी से टूट जाएंगे। इस पर वो बोले कि बेवकूफ मत करो। अगर आप नहीं मानोगे तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लग जाएगा और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन तब तक रहेगा, जब तक हम दिल्ली में बीजेपी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आ जाती है। ऋतुराज ने कहा कि रविवार रात 9 बजकर 18 मिनट पर मैं जिस जगह था, वहां पर मौजूद उन सभी भाजपा के नेताओं का लोकेशन निकलकर सामने आ जाएगी। रात में उनसे बातचीत होने के बाद, सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर एक इंटरनेट कॉल आई, जिस पर मुझे धमकी दी गई कि रात में हमारे बीच जो बातचीत हुई है, अगर उसके बारे में किसी को बताया तो आपके साथ ठीक नहीं होगा। इन्होंने बाद में भी कई बार फोन किया। ये लोग मुझे धमकी दे रहे हैं। रात को मुझ से बात होने के बात जब इन्हें लगा कि ये सबको जाकर बता देगा तो ये सुबह से मुझे इंटरनेट के जरिए फोन कर रहे हैं।

ये मुझसे बार-बार कह रहे हैं कि अगर तुमने अपना मुंह खोला तो तुम्हारे लिए अच्छा नहीं होगा। सदन में अपनी बात रखने के दौरान विधायक ऋतुराज भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हमारे नेता को झूठे मुकदमे में अंदर कर दिया और अब हम लोगों को डरा रहे हैं। लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। हम मर जाएंगे, कट जाएंगे लेकिन अपने नेता अरविंद केजरीवाल के साथ कभी गद्दारी नहीं करेंगे।

## अगर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा : भारती

आप विधायक सोमनाथ भारती ने सदन में कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य था, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक को जेल भेजे जाने पर भी वह चुप रहा। उन्होंने कहा कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री को ऐसे व्यक्ति के बयान पर गिरफ्तार कर लिया गया जिसने अपने पिछले छह बयानों में उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा। अगर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा और घर-घर जाकर लोगों को बताऊंगा कि कैसे भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल का इस्तीफा चाहती है। भारती ने कहा कि लेकिन केजरीवाल ने पहले ही पूरी दिल्ली से पूछ लिया था कि अगर भाजपा उन्हें गिरफ्तार करवा दे तो उन्हें क्या करना चाहिए। पूरी दिल्ली कह रही है कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई देश में लोकतंत्र को बचा सकता है, तो वह केवल केजरीवाल हैं। भाजपा देश को बर्बाद कर रही है तथा लोकतंत्र और संविधान को नष्ट कर रही है। ऑपरेशन लोटस पर सदन में सत्तापक्ष के सदस्य संजीव झा और राजेश गुप्ता ने भी सदन को संबोधित करते हुए भाजपा पर सवाल उठाए।

## कोरम पूरा न होने पर विपक्षी सदस्य ने सत्तापक्ष के पर साधा निशाना

विधानसभा में सोमवार को कोरम के अभाव में आधा घंटे की देरी से शुरू हुई सदन की कार्यवाही पर विपक्ष के सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने सत्तापक्ष के सदस्यों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 11 बजे सदन बुलाया जाता है लेकिन 11.30 तक सत्तापक्ष के सदस्य के सदन में न आने से कोरम ही पूरा नहीं हो पा रहा है। जिससे सदन की कार्यवाही देर से शुरू हो रही है। वहीं गुप्ता ने कहा कि सदन में सभी मंत्री नदारद हैं। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि इस समय सदन में एक मंत्री बैठे हुए हैं इसलिए इस बात को कार्यवाही से निकालने का आदेश दिया।

## सदन की पवित्रता का उपयोग कुछ भी कहने के लिए नहीं किया जाना चाहिए : विपक्ष

विपक्ष के सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने सत्तापक्ष के सदस्य ऋतुराज झा से पूछा कि क्या उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए फोन आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। गुप्ता ने कहा कि आप विधायकों ने पहले भी एक दर्जन बार आरोप लगाया है कि उन्हें पैसे की पेशकश की गई थी। सदन की पवित्रता का उपयोग कुछ भी कहने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। आप कब तक झूठ बोलेंगे। उन्होंने जोर दिया कि न्यायपालिका की इस मामले में सक्रिय भागीदारी का मतलब है कि कानूनी प्रक्रिया को बिना किसी अनुचित हस्तक्षेप या राजनीतिक दबाव के स्वतंत्र रूप से संपन्न करना है। गुप्ता ने सत्तापक्ष पर सार्वजनिक जनता को भ्रमित करने के लिए सदन की विशेषाधिकारों और पवित्रता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

## हंगामे के कारण दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही आठ अप्रैल तक स्थगित

दिल्ली विधानसभा की बैठक सोमवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों की नारेबाजी के बीच आठ अप्रैल तक स्थगित कर दी गयी। सत्तापक्ष के सदस्य राजेश गुप्ता ने विपक्ष पर आबकारी नीति मामले में एक आरोपी से चुनावी बॉण्ड के जरिए 60 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगाया और विपक्ष के सदस्यों से इस पर जवाब मांगा। इसके बाद सत्तापक्ष के सदस्य सदन के आसन के समीप आए गए और भाजपा से चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जवाब मांगते हुए नारे लगाने लगे। इसके जवाब विपक्ष के सदस्यों ने सत्तापक्ष के खिलाफ नारेबाजी की जिसके बाद अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सदन की कार्यवाही आठ अप्रैल तक स्थगित कर दी गयी।

## भ्रष्टाचार की आदत ने केजरीवाल को पहुंचाया जेल : तिवारी

नई दिल्ली। भ्रष्टाचार की आदत ने आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल पहुंचाया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने न्यायालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को यह आरोप लगाया है। सांसद मनोज तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली की गलियों से एक ही आवाज आ रही है कि ईमानदारी की होती जो आदत तुम्हारी, तो तिहाड़ तक न जाती यात्रा तुम्हारी। उन्होंने दिल्ली वासियों को अपनी प्रतिक्रिया में शामिल करते हुए कहा कि कोई अपना मोबाइल नंबर कैसे भूल सकता है या मोबाइल खरीदने के बाद कोई पासवर्ड भूल जाए, ऐसा कैसे संभव है लेकिन केजरीवाल जांच में सहयोग न करके यही हवाला दे रहे हैं। सांसद तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की याददाश्त सत्येंद्र जैन की तरह की हो गई है। वजह साफ है कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। मैं कई बार जेल में कई कैदियों से मिलने के लिए जाता रहता हूं और सोच रहा हूं कि अरविंद केजरीवाल से मिलने जाऊं और कुछ मनोवैज्ञानिक सलाहकारों को साथ ले जाऊं।

## जेल भेजे जाने के बाद केजरीवाल के निर्दोष होने के दावों पर लग गया विराम : सचदेवा

नई दिल्ली। न्यायालय द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेजे जाने के बाद केजरीवाल के निर्दोष होने के दावों पर विराम लग गया है और हम आशा करते हैं कि अब उनकी पत्नी जो पार्टी प्रमुख की भूमिका निभा रही हैं और अन्य नेता अब केजरीवाल को सताए जाने के झूठी बयानबाजी बंद कर देंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को यह बाते कही। उन्होंने कहा है कि गत पूरे सप्ताह चले जांच एजेंसी को मिले रिमांड एवं न्यायिक जिरह के बाद अंततः सोमवार को न्यायालय ने शराब घोटाले के अभियुक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया है और यह सत्य की विजय है। सचदेवा ने कहा है कि जांच एजेंसी को अरविंद केजरीवाल के ब्यान के बाद शराब घोटाले में विजय नैय्यर से पैसा वसूली में दो नये किरदारों दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी एवं सौरभ भारद्वाज का नाम सामने आया है। गोवा चुनाव के समय यह दोनों आम आदमी पार्टी की ओर से गोवा का प्रचार देख रहे थे। सचदेवा ने कहा है कि हम आशा करते हैं कि अब जब इन्हे जांच नोटिस आये तो इन दोनों मंत्रियों के निर्दोष होने की बयानबाजी आम आदमी पार्टी नेता ना करें। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता अब भ्रष्टाचार के साथ ही मर्यादाहीनता की भी सभी सीमाएं लांघ चुके चुके हैं और केजरीवाल में अंश मात्र ही राजनीतिक मर्यादा शेष है। जनता के कार्यों के प्रति चिंता हो तो आज अविलंब इस्तीफा दें। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आतिशी एवं सौरभ भारद्वाज का नाम अपने बयान में लेकर इन दोनों के राजनीतिक भविष्य पर दाग लगा कर अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के अगला मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ कर दिया है।

## भाजपा का उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान केजरीवाल को जेल में रखना : सुनीता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि उसका एकमात्र उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान उनके पति को जेल में रखना है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और बाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया था। उन पर कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति बनाने से संबंधित साजिश में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप है। एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राउज एवेन्यू अदालत से बाहर निकलते समय सुनीता केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि उनसे (अरविंद केजरीवाल से) 11 दिनों तक पूछताछ की गई, पूछताछ पूरी हो गई है। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। उन्हें जेल में क्यों रखा गया है। उन्होंने कहा कि उनका (भाजपा) एक ही उद्देश्य है - लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें (अरविंद केजरीवाल) जेल में डालना। देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी।

## इंडिया की एकजुटता से डरी भाजपा अन्य नेताओं को भेजना चाहती है जेल : शाह

कथित शराब मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम ईडी द्वारा लिए जाने को लेकर जस्मीन शाह ने कहा कि जब विजय नायर को हिरासत में लिया गया था, तब उन्होंने यह बात कही थी कि मैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिपोर्ट नहीं करता। मैं आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता हूं। जो बयान पिछले डेढ़ साल से लिखित रूप में ईडी के पास था, उसको ईडी को आज कोर्ट में उठाने की जरूरत क्या थी? इसके पीछे का कारण है कि रविवार को जितना बड़ा शक्ति प्रदर्शन देश ने देखा। जिस तरह से इंडिया गठबंधन के तमाम दिग्गज नेताओं के साथ आप के नेता, कार्यकर्ता, सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद कंधे से कंधा मिलाकर अरविंद केजरीवाल की गैरकानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ खड़े हुए थे, भाजपा ने इस बारे में सपने में भी सोचा नहीं था।

## चुनाव में हार को देख भाजपा ने केजरीवाल को कराया अरेस्ट : पांडे

सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि आज आदमी पार्टी की यह बात सच साबित हो गई है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसी से बौखला कर भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया है। ईडी ने कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल का रिमांड नहीं मांगा, बल्कि उनको न्यायिक हिरासत में भेजने पर अपनी सहमति जताई है। जब ईडी को अरविंद केजरीवाल से पूछताछ नहीं करनी है तो फिर एक सीटिंग मुख्यमंत्री को जेल में रखने का क्या तर्क है? भाजपा की साजिश का सच जनता के सामने आ गया है कि ईडी का मकसद केजरीवाल से कभी पूछताछ का था ही नहीं। इसके पीछे मकसद केवल इंडिया गठबंधन के प्रमुख चेहरे को चुनाव प्रचार से रोकना था।

## केजरीवाल के जेल जाने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में गठबंधन को लेकर नाराजगी शुरू!

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी से कांग्रेस का गठबंधन हो चुका है, जिसके बाद अंदर खाते नाराज कार्यकर्ता चुप रहे। लेकिन ताजा घटना क्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की हिरासत के बाद अब सोमवार को तिहाड़ जेल भेज देने दिल्ली कांग्रेस में अंदर खाते सुगबुगाहट शुरू होती दिखी। सोमवार को कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक तिहाड़ जेल भेज दिया। इसके बाद देर शाम तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया। प्रदेश से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अभी तक उम्मीद थी की ईडी से पूछताछ के बाद कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर छोड़ देगी। लेकिन सोमवार को ठीक उल्टा हुआ। सूत्रों की मानें तो इस घटनाक्रम के बाद प्रदेश पार्टी के नेताओं में गठबंधन को लेकर नाराजगी दिखाई दी है। सूत्रों का कहना है कि अगले तीन चार दिन में दिल्ली के कुछ वरिष्ठ नेता वर्तमान हालात को लेकर एक बार पुन हाई कमान से आप पार्टी के साथ दिल्ली में चुनाव लड़ने के फैसले पर विचार करने की अपील कर सकते है।

## बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से पूछे पांच सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा मंत्री एवं नई दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता कर रविवार हुई इंडी गठबंधन की रैली को एक भ्रष्टाचारियों का संगठन बताया जिसमें ना ही कोई सामंजस्य था और ना ही उसका आम जनता से कोई लेना देना बल्कि वह सिर्फ अपने भ्रष्टाचारों को छिपाने और जनता को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए एक प्रोपेगेंडा था। इस दौरान बांसुरी ने आप और कांग्रेस से पांच सवाल पूछे। पहला, कांग्रेस बताएं कि इनकम टैक्स ने जो नोटिस दिया है, वह सही



है या गलत? आपने टैक्स आंकड़े गलत दिखाये या नही ? दूसरा, कांग्रेस बताये कि उसने समय पर इनकम टैक्स फ़ाइल क्यों नहीं किया ? आय को कम करके क्यों बताया ? तीसरा, आम आदमी पाटी बताये कि क्या सुनीता केजरीवाल अब अघोषित रूप से मुख्यमंत्री हैं? क्योंकि अब वही केजरीवाल की सरकारी मुख्यमंत्री कुर्सी का इस्तेमाल प्रेस संदेश देने में कर रही हैं ? चौथा, आम आदमी पार्टी बताएं कि शराब घोटाले में उनके नेताओं को कोर्ट जमानत क्यों नहीं दे रही है? और पांचवा, जब 9 बार समन हुआ तो केजरीवाल पेश क्यों नहीं हुए? क्या वे चाहते थे कि जानबूझकर मामला चुनाव तक जाए और वह गिरफ्तारी पर विक्टिम कार्ड खेल सके।

## आप विधायक प्रलोभन देने वाले का नाम बताएं या कानूनी कार्रवाई के लिए रहें तैयार : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी विधायक ऋतुराज भाजपा को प्रलोभन देने वाले का नाम बताएं या कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। दिल्ली भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता एवं विधायक अभय वर्मा और प्रवक्ता अमित तिवारी ने आम आदमी पार्टी के विधायक ऋतुराज के ऑपरेशन लोटस के आरोप को लेकर उक्त चेतावनी दी और इस बयान को एक हास्यास्पद बयान बताते हुए कहा कि यह सिर्फ अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों और मीडिया का ध्यान भटकाने की एक साजिश है। अभय वर्मा ने कहा कि जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं सरकार के मंत्रियों ने दावा किया था कि भाजपा ऑपरेशन लोटस चला रही है तो दिल्ली भाजपा ने खुद शिकायत की थी पर जब दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की तो पूरी पार्टी जांच से भाग रही है। अब आज विधायक ऋतुराज ने दावा किया है कि उन्हें पूर्वांचल कोटे से मंत्री बनने का ऑफर दिया जा रहा है और साथ ही विधायकों को तोड़ कर लाने के लिए 10 करोड़ रुपये की बात कही गई है।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल को लाये जाने से पहले तिहाड़ जेल के बाहर आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन






हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को तिहाड़ जेल लाये जाने से पहले जेल के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर और 'मैं भी केजरीवाल' लिखी टी-शर्ट पहने हुए जेल के प्रवेश द्वार के बाहर एकत्रित हुए और उन्होंने तिहाड़ परिसर के बाहर जोरदार केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। आप कार्यकर्ताओं का कहना था कि जेल के ताले टूटेंगे केजरीवाल छूटेंगे। वहीं प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के समर्थकों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिहाड़ जेल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून एवं व्यवस्था का उल्लंघन करने नहीं दिया जाएगा। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली कैंट से तिलक नगर की ओर जाने जेल रोड पर यातायात प्रभावित हुआ है। कृपया इस हिस्से से बचें। इस प्रदर्शन में आप नेता सोमनाथ भारती भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तिहाड़ जेल में 15 अप्रैल तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रखा जाएगा।

## डीटीसी बस के नए रूट की कमी से लोगों में नाराजगी, जल्द करेंगे एलजी से अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम की बसों की कमी को लेकर दिल्ली वाले अकसर सरकार से शिकायत करते देखे जाते रहे है। ऐसे में बुराड़ी गांव से वाया स्वरूप नगर, अलीपुर, नरेला होते हुए बवाना इंडस्ट्रियल एरिया तक कोई सीधी बस सेवा ने होने से हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में बुराड़ी क्षेत्र से नरेला, बवाना काम के लिए आने जाने वाले हजारों लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या के हल के लिए स्व. रविंद्र चौहान मंसी चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लोगों ने आवाज उठाई है। लोगों की मांग है कि दिल्ली सरकार को बुराड़ी नत्थुपुरा से वाया स्वरूप नगर, अलीपुर, नरेला होते हुए बवाना इंडस्ट्रियल एरिया तक सीधी बस सेवा चलाई जाए। इस बारे में ट्रस्ट के चेयरमैन सुनील चौहान ने बताया कि यह मांग सही भी है, क्योंकि बुराड़ी में वर्तमान में दर्जनों कॉलोनियां है। इनमें हर वर्ग के लोग रहते है, जिनमे रोजगार के लिए रोजाना नरेला व बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में आना जाना होता है। लेकिन वर्षें बाद भी दिल्ली सरकार ने इस रूट पर कोई डीटीसी बस सेवा शुरू ही नहीं की है। सुनील ने कहा कि हम जल्द ही लोगों से एक बैठक करेंगे और इस मांग का एक ज्ञापन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, सीएम हाउस, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत व डीटीसी के चेयरमैन को देंगे।

## एमसीडी के 218 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 218 कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पी पी ओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिए गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# महिला चित्रकारों की भारतीय महाकाव्य रामायण पर आधारित दुर्लभ पेंटिंग्स की प्रदर्शनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

प्रदर्शनी के लिए 37 महिला चित्रकारों की 100 दुर्लभ पेंटिंग्स का संकलन किया गया है। इन कलाकारों में पदमश्री पुरस्कार विजेता जगदंबा देवी, गोदावरी दत्ता, बउआ देवी, दुलारी देवी के साथ फन में माहिर वरिष्ठ चित्रकारों जैसे बिमला दत्ता, गोपाल साहा की पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

मिथिला चित्रकला परंपरा की पुरस्कार विजेता महिला कलाकारों की भारतीय महाकाव्य रामायण पर आधारित दुर्लभ पेंटिंग्स की प्रदर्शनी ललित कला अकादमी में होगी। प्रदर्शनी के लिए 37 महिला चित्रकारों की 100 दुर्लभ पेंटिंग्स का संकलन किया गया है। इन कलाकारों में पदमश्री पुरस्कार विजेता जगदंबा देवी, गोदावरी दत्ता, बउआ देवी, दुलारी देवी के साथ फन में माहिर वरिष्ठ चित्रकारों जैसे बिमला दत्ता, गोपाल साहा की पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार मनीषा झा ने बताया कि प्रदर्शनी में बिहार के मिथिला क्षेत्र के अलग-अलग भागों में रहने वाली 37 महिला चित्रकारों की 100 दुर्लभ पेंटिंग्स का संकलन किया है। अकादमी में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक इन पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अनोखी प्रदर्शनी में मशहूर चित्रकारों की 100 के करीब कभी न देखी गई पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी का आयोजन मिथिला की समृद्ध लोककला की परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदर्शनी से मिथिला क्षेत्र की निवासी इन महिलाओं की शानदार पेंटिंग्स के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इससे मिथिला की महिलाओं को अपनी पारंपरिक कला को जारी रखने के लिए आर्थिक दृष्टि से कुछ लाभ हो सके।

प्रदर्शनी में 37 महिला चित्रकारों की 100 दुर्लभ पेंटिंग्स का संकलन



### मिथिला पेंटिंग्स में मूल रामायण महाकाव्य के बालकांड

बिहार की मिथिला पेंटिंग्स की पौराणिक उत्पत्ति का मूल रामायण महाकाव्य के बालकांड में देखा जा सकता है, जिसमें महाराजा जनक का जिक्र किया गया है। महाकाव्य रामायण के बाल कांड में यह वर्णन किया गया है कि महाराजा जनक ने राजकुमारी सीता के विवाह के दौरान अपने सभी नागरिकों को इन पेंटिंग्स को दीवार पर सजाने के आदेश दिए थे। प्रदर्शनी में आने वाले दर्शकों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### गन प्वाईंट पर गहने लूटने वाले दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम** । सेक्टर-40 एरिया में बीती रात को गन प्वाईंट पर जूलरी शॉप लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काम की तलाश में गुरुग्राम आए थे और रेकी करने के बाद जूलरी शॉप से नगदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने पूछताछ व बरामदगी के लिए आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है।

### दिव्यांग बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की



**फरीदाबाद**। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी, खाद्य सामग्री व आर्थिक सहायता वितरित की गई। सामग्री संजय कालोनी स्थित चेतना वेलफेयर सोसायटी में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों को भेंट की गई। बच्चों से युवा भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सभी संस्थाओं को दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए ।

### आईपीएल मैच में सट्टा खेलते 2 को किया काबू

**फरीदाबाद**। अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले 2 को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों में अमित व अश्वनी का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को सट्टा खेलते हुए मौके से काबू कर लिया। आरोपियो के कब्जे से 10800 रुपए नगद, 1 लैपटॉप, 1 सेट टॉप बॉक्स तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद**। अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने आरोपी को देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू खान उर्फ मोनू गांधी कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने उसे रेलवे रोड से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी से इस मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी अवैध हथियार और चोरी के तीन-चार मुकदमे दर्ज हैं।

### साइबर ठगी में शामिल बैंक कर्मी गिरफ्तार

**गुरुग्राम**। पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया करवाने वाले आरबीएल बैंक कर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक अकाउंट के खोलने के बदले साइबर ठगों से 15 से 20 हजार रुपए लेता था। पुलिस ने रिमांड पर लिया है। निवेश के नाम पर अच्छे रिटर्न का प्रलोभन दिया। एक ऐप के माध्यम से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करवाकर उससे करीब 12.5 लाख रुपए ठग लिए।

### गाजियाबाद में यूपी के डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा

# कांग्रेस की जमानत होगी जब्त, एनडीए पार करेगा 400 प्लस का आंकड़ा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

डिप्टी सीएम ने गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से चर्चा की । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 में हमने दावा किया था कि 272 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेंगे।

*विपक्षी ठगबन्धन का लक्ष्य ही है कुछ का साथ कुछ का विकास*

*देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तब तक देश में कमल खिला रहेगा*

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद के दौरे पर रहे। डिप्टी सीएम ने गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से चर्चा की । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 में हमने दावा किया था कि 272 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेंगे। उस समय भाजपा ने पूर्ण बहुमत से अधिक सीटें जीती थीं। 2017 में उत्तर प्रदेश में 300 पर का नारा दिया और भाजपा ने 325 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2019 में सपा, बसपा और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन था।

विपक्षी गठबंधन के बावजूद हमने 64 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अहंकारपूर्ण दावे किए थे लेकिन भाजपा ने प्रदेश में दोबारा सरकार बनाई। मौर्य ने कहा कि 2024 में 300 पार भाजपा और एनडीए गठबंधन 400 का आंकड़ा पार करेगा।



### अतुल गर्ग को ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज कराने की अपील

केशव प्रसाद मौर्य ने दावा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा जीत रही है। मौर्य ने कहा कि जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तब तक देश और प्रदेश में कमल खिला रहेगा। विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा प्रधानमंत्री बनने का विपक्षी नेताओं का जो सपना है वह साकार होता नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में अतुल गर्ग ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनता एक बार फिर भाजपा को वोट देने का मन बना चुकी है। गाजियाबाद में कांग्रेस की जमानत जब्त होना तय है।

### गाजियाबाद लोकसभा सीट पर बसपा ने प्रत्याशी बदला, पुंडीर लड़ेंगे चुनाव



**गाजियाबाद**। बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को गाजियाबाद लोकसभा से अपना प्रत्याशी बदल दिया है । पार्टी ने अब पूर्व में घोषित प्रत्याशी अंशय कालरा के स्थान पर नंद किशोर पुंडीर को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। घोषणा के बाद श्री पुंडीर बसपा के जिला कार्यालय पर पहुंचे ।जहां बसपा के जिला अध्यक्ष दयाराम सेन व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। आपको बता दें कि दिल्ली से सटी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने पहले पंजाबी बिरादरी पर गांव खेला था लेकिन अब प्रत्याशी बदलते हुए ठाकुर बिरादरी पर दांव लगाया है नंदकिशोर पुंडीर ठाकुर बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं ।

भारतीय जनता पार्टी ने ठाकुर बिरादरी के जनरल वीके सिंह का टिकट काट दिया था और उनके स्थान पर वैश्य समाज पर दावा खेलते हुए शहर विधायक अतुल गर्ग को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिसके चलते ठाकुर बिरादरी के कई संगठनों ने भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया था। बहुजन समाज पार्टी ने इसी के चलते अब नंदकिशोर पुंडीर पर दाव खेला है ।

### जंगल उगाने के प्रोजेक्ट का उद्घाटन

# मियावाकी तकनीक से जंगल उगाना सबके लिए हितकारी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

सेक्टर-83 फरीदपुर गांव में राइज फाउंडेशन एनजीओ के सहयोग से मियावाकी अर्बन फारेस्ट बनाने के काम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर तिगांव विधायक राजेश नागर ने प्रोजेक्ट की शुरुआत करवाई। इस प्रोजेक्ट के तहत राइज फाउंडेशन ने 10 हजार पौधे लगाए हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि राइज फाउंडेशन संगठन छोटे छोटे हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देकर बहुत नेकी का काम कर रहा है। इससे सभी लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और वायु की गुणवत्ता सुधरेगी। नागर ने बताया कि हर निवासी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों से निपटने के लिए ऐसे प्रयासों में हम सभी को सहभागिता करनी चाहिए।

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह उनका 25 वां मियावाकी फॉरेस्ट है। आगामी कार्यों में भी सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इस योजना को और व्यापक रूप से सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### संस्था के सदस्यों के साथ गणमान्य रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के फाउंडर सदस्यों में मधुकर वाष्णेय, मुनीश कुंद्रा, माधुरी वाष्णेय, दीपक भारद्वाज, अजीत सिंह, अजय पाल, धर्मेन्द्र सिंह, अनमोल, सुशील, खेड़ी गांव से श्याम सिंह नंबरदार, उदय सिंह नंबरदार के साथ ही कई अन्य ग्रामीण इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता का दावा

# सरकार बनने पर फरीदाबाद में बनाएंगे बड़ी स्पोर्ट्स सिटी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

हरियाणा में सरकार बदली तो फरीदाबाद को स्पोर्ट्स सिटी बनाने का काम करेंगे। कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह मेवला महाराजपुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उमेश शर्मा मौजूद रहे। विजय प्रताप ने शानदार आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि मेवला महाराजपुर में पिछले 20 सालों से भी अधिक समय से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। हर वर्ष देश-विदेश की टीमें यहां आती रही हैं और उसी परंपरा को कायम रखते हुए युवा साथियों ने इस बार भी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया है।

### 2 तांबे के लोटे, पंचमुखी दीपक बरामद

# मंदिर से श्री राम की मूर्ति खंडित कर चुराने वाला काबू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने मंदिर की मूर्ति खंडित करने व मंदिर में चोरी करने वचोर को गिरफ्तार किया है।

उसके कब्जे से कब्जे से मंदिर के अंदर चोरी किए गए 2 लोटे (ताबे का) , 1 पंचमुखी दीपक (पीतल का) व 2 छोटे दीपक (पीतल के) बरामद किए गए हैं। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पं. ओमप्रकाश द्विवेदी निवासी गणेशपुरी थाना शालीमार गार्डन नें तहरीर दी कि दोपहर मंदिर बन्द किया था। जब शाम को पुनः मन्दिर में पहुंचे तो देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रभु श्री राम जी की मूर्ति को कक्ष में से उखाड़ कर नीचे तोड कर गिरा दिया। जिससे



मूर्ति पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । तत्काल थाना शालीमार गार्डन पुलिस एफआईआर पंजीकृत कर टीमों का गठन किया । सीसीटीवी फुटेज तथा सहायता से घटना को अंजाम देने वाले जुल्फिकार उर्फ जूल्लु निवासी नई सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र करीब 26 वर्ष को 80 फुटा रोड जीजी फार्म हाउस के पास थाना शालीमार गार्डन कमिश्नरेट गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया।

# चश्में के फ्रेम बनाने की फैक्टरी में भीषण आग लगी, लाखों का सामान जल कर खाक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

ट्रॉनिका सिटी इंडसट्रियल एरिया में पर संचालित ₹ जीनियस इंडस्ट्रीज़₹ औद्योगिक ईकाई में सोमवार को भीषण आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। फायर ब्रिगेड ने कई घन्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्नि शमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी इंडसट्रियल एरिया के सेक्टर बी-2 में स्थित प्लॉट नंबर बी - 27 पर संचालित 'जीनियस इंडस्ट्रीज़' औद्योगिक ईकाई में आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दो फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। फायर सर्विस यूनिट



ने मौके पर पहुंचकर देखा कि आग 450 वर्ग मीटर के भूखण्ड पर बने तीन मंजिला भवन के भूतल पर लगकर पूरे तल पर फैल चुकी है, जिसमें से उठ रही लपटें भवन की मम्टी तक जा रही थीं। तत्काल फायर सर्विस यूनिटस ने हौज पाईप फैलाकर फायर टेंडर से पंपिंग कर दो तरफ से आग पर पानी डालना शुरू किया और मुख्य अग्निशमन अधिकारी, गाजियाबाद को घटना से अवगत कराया।

### बड़ी मात्रा में शराब, देशी कट्टे, कारतूस, चाकू व नगद बरामद

# ऑपरेशन आक्रमण के अंतर्गत 52 मुकदमे दर्ज, 87 को किया काबू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न यूनिट ने कार्रवाई करते हुए अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधीक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से प्रहार करते हुए पुलिस ने विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण के तहत शहर, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर नाकाबंदी व संघन चेकिंग अभियान चलाकर उपस्थिति दर्ज करवाई तथा विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की 132 टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी तथा चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर जिला में विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 52 मामले दर्ज किए गए और 87 आरोपियों को काबू किया गया । जिसमें आबकारी अधिनियम के तहत 19 अभियोग दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर 400 बोतल देशी शराब, 460 बोतल इंग्लिश शराब, 444 बोतल बियर तथा बरामद की गई। साथ ही जुआ अधिनियम के तहत 15 अभियोग दर्ज कर आरोपियो को काबू कर उनके कब्जा से 50040 रुपए जुआ व सट्टा राशि, 1 लैपटॉप व 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

अवैध हथियार के 7 मामले दर्ज कर 6 देशी कट्टे, 1 कारतूस तथा 1 चाकू बरामद किया गया। एनडीपीएस के 2 मुकदमे दर्ज कर 764 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा चलाए गए विशेष अभियान के तहत 13 पीओ, 3 बेल जंपर गिरफ्तार किए गए। इस अभियान के दौरान धोखाधड़ी के 3 मामलों में 2,81,100 रुपए तथा 3 मोटरसाइकिल बरामद किए गए।



### संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

*ऑपरेशन आक्रमण के दौरान पुलिस टीम ने सीमावर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश और दिल्ली की और से प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति की बारीकी से चैकिंग कर संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी गई । लेन ड्राइविंग करने वाले 129 वाहन चालकों के चालान किए गए। इस अभियान के तहत जिला पुलिस टीमों ने विशेष तौर पर मादक पदार्थ तस्करों व अवैध असलाधारकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबन्दीएचैकिंग व पैदल गश्त कर पुलिस ने उपस्थिति दर्ज करवाई।*


## गुमशुदा महिला की तलाश



मालती देवी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम मालती देवी पत्नी गिरिजानंद निवासी अनाज मंडी, नरेला, दिल्ली **उम्र** : 50 साल, **कद** : 5', **चेहरा**: लम्बोतरा, **रंग** : सांवला, **शरीर**: दरमियाना, **पहचान**: दायें हाथ पर मालती गिरिजानंद लिखा हुआ है, जिसने गुलाबी रंग की साड़ी और पांव में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है। दिनांक 10.03.2024 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 59–ए दिनांक 14.03.2024 थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना नरेला, दिल्ली
फोन नं. 011-27282350, 27280435, 9315759395, 09728402640

DP/3737/ON/24

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिराम सिन्हा** पुत्र ललित कुमार निवासी एफ–143, गली नं. 5, वेस्ट करावल नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 471/2020 धारा 4(सी) डीपीटी एवं एमएटी अधिनिमय 2010 थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिराम सिन्हा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिराम सिन्हा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 471/2020 धारा 4(सी) डीपीटी एवं एमएटी अधिनिमय 2010 थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शिराम सिन्हा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.05.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री मीना चौहान**
**महानगर दण्डाधिकारी–08 (मध्य)**
**कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3807/N/24

# इंडी गठबंधन को देश की नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने की चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस करके केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई तथा दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करने वाले इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोली। इंडी गठबंधन को घेरते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन में भ्रष्टाचार का भाईचारा निभाया जा रहा है। अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई करने के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठे हुए घमंडिया गठबंधन को पूरे देश ने देखा है। सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडी गठबंधन के नेता बोलते हैं कि भ्रष्टाचारी को बचाओ। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता मोदी जी पर कितने ही हमले कर लें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी रूकने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और प्रधानमंत्री मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।



चंडीगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## इंडी गठबंधन, जनबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन

मुख्यमंत्री नायब सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। यहां सैनी ने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, आरजेडी, सपा, जेएमएस, डीएमके, तृणमूल और वामपंथी पार्टियों द्वारा एक के बाद एक किए गए भ्रष्टाचार और लूटपाट के मामलों की पोल मीडिया के सामने खोली। नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली के मैदान में देश ने रविवार को घोटालेबाजों की बारात देखी, जो देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर कोई चर्चा ना हो। इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि ये लोग अपना हर रोज बड़े चाव से एक घोटाला करते हैं वो और यह भी चाहते हैं कि कोई एक्शन ना लिया जाए। सैनी ने कहा कि यह इंडी गठबंधन जनबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन है। विपक्षी गठबंधन पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी कह रही है कि यह रैली केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में हैं, जबकि कांग्रेस इसके उलट कह रही है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं पूरे गठबंधन की रैली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो एक दूसरे से मिल रहे हैं और पंजाब में आपस में ही लड़ रही है। जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने साथ चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया, बिहार में आरजेड़ी ने और कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए तथा यूपी में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा।

## देश की जनता को गुमराह कर रहा गठबंधन : नायब

इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए सैनी ने कहा कि गठबंधन का काम यही रह गया है कि जितना हो सके लूटो और हर दिन नया झूठ बोलो। मोदी को गाली दो, देश को बदनाम करो। हिंदू धर्म को गाली दो, जमकर घोटाले करो, जांच एजेंसी जब नोटिस दें तब उसे इग्नोर करो। कार्रवाई हो तो कोर्ट पहुंचों, कोर्ट से फटकार लगे तो विक्टिम कार्ड खेलो। देश के लोकतंत्र पर खतरा बताओ, जनता को गुमराह करो, सारे चोर इक्ट्ठे हो जाओ, जोर-जोर से बोलो, छाती पीट-पीटकर बोलो, भ्रष्टाचारियों को बचाओ। श्री सैनी ने कहा कि ये सब ही इंडी गठबंधन के नेताओं के काम हैं। मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि जो भ्रष्टाचारी हैं, जो भ्रष्टाचार के मामले में या तो जेल में हैं या बेल पर हैं, वे ही भ्रष्टाचार बचाओ रैली निकाल रहे हैं। ये वो ही नेता हैं जो संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार पर चुप हैं। घमंडिया गठबंधन के नेता देश तोड़ने की बात कहने वालों को लोकसभा का टिकट देते हैं। देश की शक्ति का अपमान करते हैं, लेकिन सब चुप रहते हैं। शाहजहां सेठ जैसे अपराधी पर चुप रहते हैं, उदयनिधि, स्टालिन के सनातन विरोधी बयानों पर चुप रहते हैं। रामचरित मानस के अपमान पर चुप रहते हैं, ये अपने घोटालों पर चुप रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### कृष्ण कूप पर पूजा करने आ रहे 7 हिरासत में



**मथुरा।** मथुरा में शाही ईदगाह परिसर की ओर बने कृष्ण कूप पर बिना अनुमति के पूजा करने आ रहे सात लोगों को पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हिरासत में ले लिया। इसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास अध्यक्ष दिनेश शर्मा भी शामिल हैं। वहीं परंपरागत रूप से लगातार पूजा करती आ रही 34 महिलाओं ने सुबह विधि विधान पूर्वक कृष्ण कूप पर पूजा की। कृष्णकूप पर शीतला माता अष्टमी पर बसौडे पूजन परंपरागत तरीके से किया जाता है।

### कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा फरार घोषित किया



**बरेली।** इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के मामले में बरेली के जिला जज कोर्ट में सुनवाई हुई। तौकीर रजा के पेश न होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौलाना को फरार घोषित कर दिया है व पुलिस को आगे की कार्रवाई का आदेश दिया है। अगली तारीख 8 अप्रैल तय की गई है। अगर मौलाना पेश नहीं होते हैं तो उनकी संपत्ति कुर्क हो सकती है। वर्ष 2010 दंगों के मामले में कोर्ट से रजा के खिलाफ दो बार गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं।

### तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से मौत



**हमीरपुर।** जिले में गांव के तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबकर मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा हनुमान मंदिर के पास स्थित देवी तालाब में तीन बच्चे मोहित वर्मा (12) पुत्र नन्नू वर्मा, विक्की श्रीवास (13) पुत्र भगवानदीन व दीपांशु वर्मा (10) पुत्र धापू चंद्र नहाते समय गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोग उन्हें सीएचसी मौदहा ले गए। जहां उन्हें डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

# मुख्यमंत्री योगी ने किया प्रबुद्धजनों का आह्वान, चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लें

एजेंसी ▶▶ हाथरस

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ हाथरस पहुंचे। उन्होंने हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। कहा कि विकसित भारत सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले।

**सीएम योगी ने की हाथरस से भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील**

**सुरक्षित व समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना होगा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो।

जातिवाद-परिवारवाद नहीं, सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। मोदी की गारंटी को हमने जमीनी धरातल पर उतरते देखा है, इसलिए पूरे देश को 'मोदी की गारंटी' पर विश्वास है। मोदी पर अंगुली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक हैं। यह विकसित भारत के मार्ग के बैरियर हैं।

हमें इन बैरियर को हटाना होगा और मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित व समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिए आपका आह्वान करने आए हैं। चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर आप यूपी के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम देने के लिए मोदी जी को 80 सीटों की जीत की माला दे सकें। प्रबुद्धजन समाज की मान्यता व राय को आवाज देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। सीएम ने प्रदेश सरकार के मंत्री व हाथरस से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए जनसमर्थन की अपील की।



### आपको नरेंद्र मोदी व अनूप वाल्मीकि बनकर घर-घर जाना

*सीएम ने वर्तमान सांसद राजवीर सिंह दिलेर की भी मंच से तारीफ की। बोले कि उनका आशीर्वाद भी अनूप वाल्मीकि के साथ है। पार्टी ने आदेश दिया कि वहां नया प्रत्याशी आएगा तो राजवीर सिंह पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में निष्ठा के साथ लग गए। पार्टी ने अनूप वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण मैं उन्हें पूरे प्रदेश में दौड़ाता था। वे पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहे। विकास की एक-एक रिपोर्ट हमें उपलब्ध करवाते रहे। योगी ने आह्वान किया कि आप सभी को नरेंद्र मोदी व अनूप वाल्मीकि बनकर घर-घर जाकर वोट मांगना पड़ेगा। बूथों को संभालना पड़ेगा। यहां तीसरे चरण में चुनाव होंगे तो गर्मी भी चढ़ चुकी होगी। हमें मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हुए एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने के लिए एक-एक मतदाता को तैयार करना है।*

### आपके पूर्वजों ने सामाजिक स्वावलंबन का उदाहरण किया प्रस्तुत

सीएम ने कहा कि हाथरस ब्रज मंडल का प्रवेश द्वार है। पीएम मोदी ने 2020 में आत्मनिर्भर भारत की बात कही। हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा आदि के लोगों ने सैकड़ों वर्ष पहले आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था। आपने बदलते हुए नए भारत का दर्शन किया है। आपने 2014 के पहले की अराजकता देखी है और उसके बाद का एक भारत-श्रेष्ठ भारत भी देखा है। यहां सुरक्षा-समृद्धि, आजीविका व आस्था का सम्मान भी देखा है।

### न जाति-न भाषा, सभी को समान रूप से दिया गया योजनाओं का लाभ

योगी ने कहा कि यह चुनाव परिवार प्रथम, राष्ट्र प्रथम का है। देखना है कि अराजकता, दंगा, कर्फ्यू लगाने वालों के हाथों में फिर सत्ता आएगी या दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त, सुरक्षित वातावरण देने वाली मोदी की सरकार आएगी, जिसने बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ दिया है। न जाति, न पाति, न क्षेत्र, न भाषा देखी गई, सभी को समान रूप से विकास की योजनाओं का लाभ दिया गया।

बजट सत्र में शामिल होने की मांगी थी अनुमति

# हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी याचिका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगी थी। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को उनको विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में उनकी इस याचिका पर सुनवाई होनी थी तो हेमंत सोरेन के वकील की तरफ से यह याचिका वापस ले ली गई। हेमंत सोरेन के वकील ने इसका कारण भी बताया है।

### याचिका में उठाए कानून के प्रश्न पर आगे सुनवाई की जा सकती

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए हेमंत सोरेन की याचिका पेश की गई। इस दौरान सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए क्योंकि बजट सत्र दो मार्च को ही खत्म हो गया। सिब्बल ने कहा कि मैं इस याचिका को वापस लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिका में उठाए कानून के प्रश्न पर सुनवाई की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी और कहा कि कानून का प्रश्न सुनवाई के लिए छोड़ दिया गया है।

### 31 जनवरी को हुई थी गिरफ्तारी

सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। रांची में एक विशेष अदालत ने 22 फरवरी को सोरेन को विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, इससे पहले पांच फरवरी को हाई कोर्ट ने सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दी थी। सोरेन के खिलाफ धन शोधन के आरोप अवैध रूप से अचल संपत्ति रखने और भूमि माफिया से कथित संबंध रखने से जुड़े हैं।

## पेज एक का शेष

### सुनवाई 3 अप्रैल को ...

केजरीवाल लगातार सक्रिय हैं और वह उनके भेजे संदेशों को पढ़ रही हैं। पिछले हफ्ते अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद सुनीता केजरीवाल ने दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल की तबीयत खराब है। इस पूरे मामले पर अमेरिका और जर्मनी के बयानों के बाद भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताई थी और कहा था कि भारत का आंतरिक मामला है।

### 6.30 बजे चाय, लंच ...

सब्जी और पांच रोटी या चावल होगा। इसके बाद शाम 5:30 बजे ऐसा ही डिनर के लिए दिया जाएगा और 7 बजे सभी कैदयों को अपने बैरक में जाना होगा। केजरीवाल को जेल में टीवी देखने की सुविधा मिलेगी जिसमें 18 से 20 चैनल एक्सेस किए जा सकते हैं। अगर बात करें स्वास्थ्य से जुड़ी हुई तो उन्हें 24 घंटे डॉक्टर्स की सुविधा मिलेगी। वह एक हफ्ते में दो बार फैमिली सदस्यों से मिल सकेंगे।

### गीता, रामायण व धार्मिक ...

हिरासत में रहने के दौरान स्पेशल डाइट, दवा, किताबें मांगी हैं। इसके अलावा सीएम ने धार्मिक लॉकेट पहनने की अनुमति भी मांगी है।

### जो लोग इस पर...

लेकर हंगामा कर रहे हैं और इस पर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा। पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या कोई एजेंसी 2014 में उनके केंद्र की सत्ता में आने से पहले के चुनावों के लिए धन के स्रोत और उनके लाभार्थियों के बारे में बता सकती है।

### हर काम में राजनीति ...

सिर्फ इसलिए कि मैं एक राजनीतिक नेता हूं इसका मतलब यह नहीं है कि मैं केवल चुनाव जीतने के लिए काम करता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ता है और लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

### बीजेडी सांसद अनुभव...

कहा, विकसित भारत में रुचि रखने वाले लोग सत्तारूढ़ दल का समर्थन कर रहे हैं। मोहंती ने कहा कि यह अक्सर कहा जाता है कि कलाकार राजनीति में फिट नहीं बैठते और उन्होंने कहा कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने की पूरी कोशिश की।

### 3500 करोड़ रु....

ने कोर्ट में कहा कि हमने 1700 करोड़ का नोटिस कांग्रेस को भेजा है। आयकर ने कोर्ट को भरोसा दिया कि अभी चुनाव का समय चल रहा है। लिहाज हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। वहीं, कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम कोई प्रॉफिट कमाने वाली संस्था नहीं हैं, हम सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी हैं। प्रॉपर्टीज को अटैच करके पहले ही 135 करोड़ लिए जा चुके हैं।

### वाहन पर नहीं लगा...

से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी थी। फास्टैग भारत में टोल संग्रह की इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था है और इसका संचालन एनएचएआई करता है। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर सुगम आवाजाही के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल शुरू की है। इसके जरिये प्राधिकरण कई वाहनों के लिए एक ही फास्टैग के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के साथ कई फास्टैग को किसी खास वाहन से संबद्ध करने पर रोक लगाना चाहता है।

**पेटीएम के लिए पहले दी थी सलाह:** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों और कारोबारियों को 15 मार्च तक अपने खाते दूसरे बैंकों में स्थानांतरित करने की सलाह दी थी। फास्टैग की पहुंच लगभग 98 प्रतिशत वाहनों तक है और इसके आठ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। फास्टैग में सीधे टोल मालिक से जुड़े प्रीपेड या बचत खाते से टोल भुगतान करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का इस्तेमाल होता है।

**क्या है फास्टैग:** फास्टैग भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाता है। लगभग 98 प्रतिशत की पैठ दर और 8 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ, फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है।

**नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी :** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नयी टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नयी दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने धार की ...

भी कहा है कि विवादित स्थल पर कोई भी भौतिक खुदाई नहीं की जानी चाहिए, जिससे इसका मूल स्वरूप बदले। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें एएसआई को विवादित स्थल भोजशाला और कमल मौला मस्जिद में सर्वेक्षण करने के निर्देश दिया गया था। खास बात यह है कि कोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेज दिया है। सोमवार को भोजशाला के सर्वे का 11 वां दिन था।

# नीलम महाजन सिंह 'दी फिनोमिनल शी अवार्ड' से सम्मानित



नई दिल्ली। प्रो. नीलम महाजन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार, दूरदर्शन व्यक्तित्व व मानवाधिकार संरक्षण सॉलिसिटर को, उनके तीन दशकों के न्यायिक - पत्रकारिता में योगदान के लिए भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति के. जी. बालाकृष्णन द्वारा 'दी फिनोमिनल शी अवार्ड: 2024' से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करते हुए नीलम महाजन सिंह ने कहा कि सत्य व न्याय प्राप्त करने के लिए लड़ना एक कठिन कार्य है। न्यायमूर्ति के. जी. बालाकृष्णन ने आम जनमानस की नागरिक स्वतंत्रता व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए, नीलम महाजन सिंह के समर्पण की सराहना की। नीलम महाजन सिंह ने न्यायमूर्ति बालाकृष्णन को धन्यवाद दिया व कहा कि वे न्यायाधीशों, वकीलों और नौकरशाहों के परिवार से हैं, लेकिन उन्होंनें मीडिया का रास्ता चुना व एक वकील बनीं, ताकि वे आम नागरिक को सशक्त बना सकें। नीलम ने कहा कि महिलाओं का सच्चा सशक्तिकरण तब होगा जब समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला, यानी 'अंत्योदय' द्वारा वह सुरक्षित महसूस करे। नीलम महाजन सिंह ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नीलम महाजन सिंह ने कहा कि वे, दुःखी मन से स्वीकार कर रहीं हैं तथा 'दी फिनोमिनल शी अवार्ड' को समाज के सामाजिक व आर्थिक रूप से हाशिए पर खड़े वर्गों को समर्पित कर रही हैं।

मुकेश सहनी को तेजस्वी और कांग्रेस ने दिल्ली दिल्ली बुलाया

# दो सीट लेकर महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं सहनी

एजेंसी ▶▶ पटना



वीआईपी प्रमुख पटना से दिल्ली रवाना हो चुके हैं

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार में एनडीए और इंडिया गठबंधन दल के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो चुका है। पहले चरण की चार सीटों के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन भी दाखिल कर दिया है। इस बीच बिहार के सियासी गलियारे से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। दिल्ली में मुकेश सहनी की आरजेडी नेता और राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मुलाकात होने की संभावना है। सहनी के अलावा आरजेडी सांसद मनोज झा भी दिल्ली पहुंच रहे हैं।

कयास लगाया जा रहा है कि महागठबंधन में वीआईपी की सीट शेयरिंग हो सकती है। आरजेडी या कांग्रेस की ओर से मुकेश सहनी को कितने सीट दिए जाएंगे, इसे लेकर फिलहाल अभी कोई अपडेट जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि महागठबंधन में हुए सीट शेयरिंग फॉर्मूले के अनुसार आरजेडी 26 और कांग्रेस 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### निषाद आरक्षण मांग पर आरजेडी ने जताई थी सहमति

मुकेश सहनी की निषाद आरक्षण मांग पर आरजेडी ने सहमति जताई है। चर्चा है कि अगर दो सीट पर मुकेश सहनी मानते हैं तो एक सीट आरजेडी और एक सीट कांग्रेस छोड़ेगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की तरफ से मुजफ्फरपुर छोड़ा जाएगा और आरजेडी मिथिलांचल से कोसी के बीच में कोई एक सीट छोड़ सकती है।

यूपी के चार लाख बिजली उपभोक्ताओं के बिल में बड़ी खामियां?

# 5 से 10 यूनिट के बीच बिजली की खपत की सच्चाई एप के जरिए जानेंगे अधिकारी, चोरी की आशंका

66 से 100 रुपए के बीच आ रहे बिजली के बिल

एजेंसी ▶▶

◆ यूपी के चार लाख बिजली उपभोक्ताओं के बिल में बड़ी खामियां सामने आई हैं। सच्चाई जब अधिकारियों तक पहुंची तो वह भी हैरान रह गए। दरअसल उपभोक्ताओं के बिजली बिल 66 से 100 रुपये तक आ रहे हैं।

यूपी के चार लाख बिजली उपभोक्ताओं के बिल में बड़ी खामियां सामने आई हैं। सच्चाई जब अधिकारियों तक पहुंची तो वह भी हैरान रह गए। दरअसल उपभोक्ताओं के बिजली बिल 66 से 100 रुपए तक आ रहे हैं, यानि की इन चार लाख उपभोक्ताओं की बिजली खपत केवल 5 से 10 यूनिट की है। ऐसा कैसे हो सकता है, खुद बिजली निगम के अधिकारी इस पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं।

इसके बाद बिजली विभाग के हाई लेबल अफसरों ने एक बैठक की और 5 से 10 यूनिट के बिल बनने को लेकर मैराथन चर्चा लखनऊ में की। बिजली विभाग के आईटी विभाग ने 5 से 10 यूनिट बिजली खपत की असलियत जानने के लिए एक मोबाइल एप तैयार किया। इस एप के प्रयोग से बिजली विभाग के अफसरों को पता लग सकेगा कि 5 से 10 यूनिट बिजली की वाकई खपत हो रही है या फिर बिजली चोरी हो रही है।

एप बताएगा कि मीटर में कितनी रीडिंग स्टोर है।



### कम रीडिंग के बिल में बरेली और हरदोई अव्वल

कम रीडिंग के बिजली बिल बनने के मामले में उत्तर प्रदेश का बरेली और हरदोई जिला प्रथम स्थान पर है। दूसरे स्थान पर सीतापुर जिला है। इतना ही नहीं रायबरेली, गोंडा तथा अयोध्या जोन के कई जिलों में हजारों की संख्या में उपभोक्ता हैं, जिनकी बिजली खपत महीने में 5 से 10 यूनिट हो रही है। अधिकारी भी यह जानकार हैरान हैं।

हरिभूमि
नई दिल्ली मंगलवार
2 अप्रैल 2024

# सहेली

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

## रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







### दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



### पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

### प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

### दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

प्रस्तुति : विनीता

शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।



## ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

### होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



### ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

एडवाइस / शिखर चंद जैन

## ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम

आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

## वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं। इसलिए इस दिशा में कोई भी कदम आगे बढ़ाने से पहले साइबर इश्क की कड़वी हकीकत को समझने की जरूरत है।

**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। इसलिए जब आप कहती हैं, '26 वर्ष की हूं, डेटिंग पार्टनर्स की तलाश है', तो आप अच्छे दोस्त बनाने के विकल्प पर विराम लगा देती हैं। यह समझ लें कि सब चीजें डेट से शुरू होकर डेट पर खत्म नहीं होतीं। यह भी तय है कि आप प्रेम और दोस्ती दोनों की ही तलाश में होंगी, इसलिए व्यापक नोट के साथ शुरुआत करें।





आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दे वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

## ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।



**लोकसभा क्षेत्र**
**देवास**
**1 भाजपा प्रत्याशी**
महेंद्र सिंह सोलंकी
**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
राजेंद्र मालवीय

**पिछली बार कौन जीता**
महेंद्र सिंह सोलंकी
**जीत का अंतर**
3 लाख 72 हजार 249

## क्या रहेंगे मुद्दे?

देवास लोकसभा सीट पर मतदाता की समस्याएं कई हैं, लेकिन उसमें से नौकरी के लिए नजदीकी शहर इंदौर की डिपेंडेंसी सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए भी इंदौर पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बड़ी ट्रेन के प्लेटफार्म देवास में नहीं है। अयोध्या जाने वाली ट्रेन भी देवास से होकर नहीं जाती है। मेट्रो इंदौर से लेकर मऊ तक है, लेकिन देवास को छोड़ दिया गया है।

### जातीय समीकरण वाली सीट पर इस बार कांग्रेस और भाजपा ने बलाई समाज से उतारे अपने प्रत्याशी

# देवास सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने

*देवास लोकसभा क्षेत्र की जनता किसी एक दल की होकर नहीं रही। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट के पहले सांसद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। देवास लोकसभा सीट से बाहर से आए नेताओं को भी यहां की जनता ने जिताया है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

आनंद सक्सेना ▶▶ भोपाल

देवास शाजापुर लोकसभा सीट जातीय समीकरण को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। यही कारण है इस बार दोनों प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने बलाई समाज के उम्मीदवार उतारे हैं।

इस सीट पर बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस ने बलाई समाज के खाते में टिकट बांटे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन मालवीय के बेटे राजेंद्र मालवीय को इस बार कांग्रेस ने यहां से टिकट दिया है। वे बलाई समाज से आते हैं, जबकि भाजपा ने दोबारा महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। सोलंकी भी बलाई समाज से हैं। वैसे देवास लोकसभा की संसदीय सीट पर दूसरे शहर में रहने वाले नेताओं को भी यहां की जनता ने संसद तक भेजा है।


महेंद्र सिंह सोलंकी


राजेंद्र मालवीय

यहां से वर्ष 2009 में सज्जन सिंह वर्मा सांसद बने, जो इंदौर के निवासी हैं। इसके अलावा मनोहर ऊंटवाल भी यहां से सांसद चुने गए थे। वे भी लोकसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। परिसीमन से पहले फूलचंद वर्मा और थावरचंद्र गहलोत भी यहां से सांसद रहे। वर्मा भी इंदौर के निवासी रहे हैं और गेहलोत उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में रहते हैं।

मौजूदा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी देवास संसदीय क्षेत्र के ही निवासी हैं। 1984 में चुनाव जीते बापूलाल मालवीय भी शाजापुर संसदीय क्षेत्र के निवासी रहे हैं।

**कोई दल इस सीट पर भारी नहीं**

परिसीमन के पहले यह शाजापुर संसदीय क्षेत्र कहलाता था। तब भी यहां से जनसंघ, जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। इस बार भी भाजपा उम्मीदवार को परंपरागत वोट और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेटवर्क का फायदा मिलेगा। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के पिता राधाकिशन मालवीय का क्षेत्र में अच्छा नेटवर्क रहा है। ये भी बलाई समाज से आते हैं। राजेंद्र कांग्रेस का नया चेहरा है। जीतू पटवारी के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने से खाती समाज भी मदद कर सकता है।

**आठ विधानसभा क्षेत्र से बनी है देवास लोस सीट**

देवास संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा आती हैं। देवास जिले की 3 देवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आती हैं, जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र की एक आष्टा और शाजापुर की 3 शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल और एक आगर-मालवा विधानसभा सीट आती हैं। बता दें कि यहां से उत्तर भारत जाने के लिए ट्रेनों की संख्या कम है और रिजर्वेशन में लंबी कतार रहती है। शहर के उज्जैन रोड पर नागुखेड़ी तक डबलिंग रोड़ के साथ आरओबी का भी काम लम्बे समय से अटका है। कारखाने का पानी शिप्रा में मिल रहा है।

**बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक**

देवास सीट पर बलाई, खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। वैसे देवास सीट पर मुख्य जातियां अपना योगदान देती हैं, जिन्हें उम्मीदवार महत्व देते हैं। इसमें बलाई, ठाकुर, रविदास, ब्राह्मण, सेंधव, पाटीदार, खाती, गुर्जर, जैन, मेवाड़ा, परमार, बैरवा, वाल्मीकि, सोंधिया, मुस्लिम, कायस्थ, भावसार शामिल हैं।

---

**जैसा मैंने देखा**
## चुनाव...

## पहले मुद्दों पर होते थे चुनाव, 15 से 20 दिनों तक गांवों में घूमते थे पत्रकार, बसों से भेजते थे खबरें

पहले के चुनाव और आज के चुनाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। पहले चुनाव मुद्दों पर आधारित होते थे। अब धर्म-जाति के आधार पर होने लगे हैं। तो वहीं पहले चुनावी रिपोर्टिंग चुनौतियों से भरी होती थी, अब बहुत आसान हो गई। प्रत्याशी वोटरों से आत्मीयता का रिश्ता बनाते थे। यह कहना है कि वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गुप्ता का। उन्होंने बताया कि अब ऐसी बात नहीं है, पहले वोटर को विश्वास में लिया जाता था, उनकी समस्या सुनी जाती थी। अब इसमें काफी बदलाव आ गया है। वरिष्ठ पत्रकार गुप्ता ने बताया कि पहले के समय चुनावी रिपोर्टिंग के लिए पत्रकार गांवों में जाते थे और 15 से 20 दिन तक धूम-धूमकर कवरेज करते थे। उस समय ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन के साधन नहीं होते थे। हम लोग अपनी खबरों को फैक्स करते थे। कई बार एसटीडी (फोन) लगाकर नोट कराते थे, तो कई बार डाक में रखकर बसों से कवरेज को भेजते थे। पहले कंटेंट अधिक होते थे। एक-एक पेज की खबर छपा करती थी, अब ऐसा नहीं है। पहले के समय में चुनाव परिणाम आने में एक से दो दिन लगते थे, तो वहीं पहले प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों के साथ भी कटुता की भावना नहीं होती थी। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाए जाते थे। प्रचार-प्रसार के लिए अटलबिहारी वाजपेयी जैसे बड़े नेता भी दो दिन तक रुकते थे। जनता के बीच जाते थे। उनकी समस्याओं को सुनते थे। रात के 12 बजे तक सभा चलती थी। एक अच्छा माहौल हुआ करता था। पहले लोग भी खुलकर बातचीत करते थे। अपनी समस्या बताते थे।


**दिनेश गुप्ता**
वरिष्ठ पत्रकार

**जो हो न सका...**

## इंजीनियरिंग कलस्टर की राशि मंजूर होने के बाद भी भारी उद्योग मंत्रालय में अटकी फाइल

प्रदेश का पहला इंजीनियरिंग कलस्टर बनाने के लिए भोपाल में प्रदेश सरकार ने भूमि आवंटित की और केंद्र सरकार ने राशि का आवंटन कर दिया, लेकिन 15 साल बाद भी भवन नहीं बन पाया और भारी उद्योग मंत्रालय ने वो फाइल भी नहीं लौटाई, जिसमें पूरी प्लानिंग तैयार की गई थी। इसके बनने से स्किल श्रमिक उद्योगों को मिलते और हर साल 10 हजार लोगों को रोजगार भी मिलता। इंजीनियरिंग कलस्टर 1200 तरह की जानकारी उपलब्ध कराता और उनकी जरूरतें भी पूरी करता।

लोकसभा चुनाव के दौरान हर बार उम्मीदवार यह आश्वासन देते हैं कि इंजीनियरिंग कलस्टर की फाइल भोपाल आएगी और आगे के काम भी करवाए जाएंगे। इसके बाद भी कोई सांसद मात्र 10 प्रतिशत बचे काम को भी पूरा नहीं करवा पा रहा है। इंजीनियरिंग कलस्टर की खास बात यह है कि इसके बनने से औद्योगिक विकास का लाभ पूरे प्रदेश को मिलता और उसी रफ्तार से रोजगार बढ़ते।

**जिला प्रशासन से भूमि आवंटित हो गई थी**



इंजीनियरिंग कलस्टर बनाने के लिए उद्योगपतियों की एक कमेटी भी बना दी गई थी और इस कमेटी द्वारा लगातार सांसदों से चर्चा की जाती रही। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों से वादा भी करवाया गया कि इस बार हर हाल में इंजीनियरिंग कलस्टर बनेगा, लेकिन हर बार की तरह वही मुद्दा रहा, जो पूरा न हो सका।

## जानिए, आदर्श आचार संहिता ...

भारत जैसे मजबूत लोकतंत्र वाले देश में समय-समय पर आम निर्वाचन अथवा उप निर्वाचन होते आए हैं। चुनाव मैदान में प्रत्येक राजनीतिक दल चाहे वो सत्ताधारी दल हो या विपक्षी दल, मतदाताओं के मत प्राप्त करने के लिए ढेर सारे वायदे करता है। इन वायदों को एकरूपता देते हुए वादों का संग्रह यानि घोषणा-पत्र या वचन पत्र के रूप में जनमानस के सामने प्रस्तुत किया जाता है। इन घोषणा-पत्र की कितनी अहमियत जनहित में होती है, इसका भी ध्यान रखा जाता है। वैसे चुनाव के काफी पहले से ही राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा-पत्र तैयार करते हैं। इसके लिए उनकी समितियां बनती हैं। पुराने घोषणा-पत्र खंगाले जाते है। उसमें से कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निकाले जाते हैं, जो पूरे नहीं हुए उन्हें भी लिया जाता है। ऐसे विषय भी लिए जाते हैं, जो जन अपेक्षाओं पर खरा उतर सकते हैं। उन बिंदुओं को भी शामिल किया जाता है। यूं तो घोषणा-पत्र रंग-बिरंगे, आकर्षक होते हैं फिर उन्हें समारोह पूर्वक जारी किया जाता है, लेकिन उसमें किए गए वादे आगे चलकर कितने जन हितैषी साबित होते हैं, यह समय पर निर्भर करता है। दूसरी ओर चुनाव आयोग भी घोषणा-पत्र के संबंध में समय-समय पर निर्देश जारी करता आया है। चुनाव आयोग का मत रहा है कि घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं होना चाहिए, जो संविधान में दिए गए सिद्धांत और आदर्शों के प्रतिकूल हो। राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जो निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित करें या वोटर के मताधिकार में कोई अनुचित प्रभाव डालें। वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने के साधनों का व्यापक रूप से घोषणा-पत्र में उल्लेख होना चाहिए। वादे ऐसे हो, जिन्हें पूरा करना संभव हो सके।

---

**उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी पहुंचे सीएम**

## कांग्रेस की हालत खराब, उसका पूरा जहाज डूब रहाः डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उमरिया, डिंडोरी, मंडला एवं सिवनी दौरे पर थे। उन्होंने इस दौरान जगह जगह आमसभा व रोड-शो किया। उन्होंने डिंडोरी विधानसभा के गाड़ासरई में कहा कि मैं डिंडोरी की जनता को प्रणाम करता हूं। डिंडोरी के लोग पारस पत्थर हैं, जिन्होंने छुआ तो शिक्षा मंत्री को मुख्यमंत्री बना दिया। सबका आशीर्वाद और मेहरबानी है। दुनिया में डिंडोरी एकमात्र ऐसा जिला है, यहां के लोग अपने जीवन में मस्ती के लिए जाने जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां के लोगों को भगवान का आशीर्वाद है। जब यहां आया था, तब 2 कॉलेज थे। अब विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले, भविष्य की पीढ़ी आगे बढ़े, इसके लिए 11 कॉलेज खोले गए। यहां के बच्चों को दूर न जाना पड़े, इसके लिए यहां लॉ कॉलेज खोला गया। 2 एक्सीलेंस कॉलेज खोले गए।

**हजारों लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आ रहे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है। कमलनाथ के नेतृत्व में पूरा जहाज डूब रहा है। 30 हजार से ज्यादा लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आ रहे हैं। सुरेश पचौरी दो- दो बार मंत्री रहे, लेकिन उन्होंने कहा कि अब वो कांग्रेस नहीं बची, अब ये कांग्रेस ऐसी जहाज में बैठी है, जिसमें छेद ही छेद है। जब डूबेगी, खुद भी मरेंगे और बाकी को भी मारेंगे।

**जन मन योजना से सबको 1500 मिलेंगे**

प्रधानमंत्री जन मन योजना से सबको 1500 रुपए मिलेंगे। हर महीने लाड़ली बहनों को 1250 मिल रहे हैं। यहां 5 तारीख को लाड़ली बहनों को पैसा मिलेगा। डिंडोरी में रानी दुर्गावती के नाम पर भविष्य में एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर के पढ़ाई के लिए कॉलेज खोला जाएगा, जहां सभी प्रकार की पढ़ाई होगी। जिससे युवाओं का भविष्य उज्जवल होगा।

**चाय पे चर्चा**

▶▶ गांधीनगर क्षेत्र में चाय की दुकान पर मतदाताओं की भूमिका पर हुई चर्चा

## लोगों के बीच उम्मीदवारों की चर्चा मतदाता तय करेगा हार और जीत

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के हर कोने में चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है। हर गली, मोहल्ले, नुक्कड़ या चाय की दुकान ऐसी चर्चाओं के लिए काफी मुफीद स्थान साबित हो रही हैं। यहां लोग चाय की प्याली के साथ चुनाव का पिटारा खोल रहे हैं। कोई किसी राजनैतिक पार्टी को जिता रहा है तो कोई दूसरी पार्टी के उम्मीदवार को। ऐसे में हर किसी का अपना मत है, लेकिन ओवरऑल मतदाता ही प्रत्याशी को जिताएगा। इस मामले में शहर के अलग अलग हिस्सों में लोगों के बीच चर्चाओं की अलग अलग मुद्दे देखे जा रहे हैं।

गांधीनगर क्षेत्र में एक चाय की दुकान पर चर्चाओं का दौर सुनने को मिला। इस इलाके के निवासी पंकज साहू, महावीर सिंह गुनी, केटी कन्नन, एनएस बसंत, अजय नायर, सर्वेश तोमर, आशीष राजपूत आदि का मानना है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता, जिसे चुनेगा, वही जीतेगा, पिछले चुनाव में भी चर्चाएं बहुत सी रही थीं, लेकिन परिणाम सभी के सामने है। इस बार भी अभी हर दिन चर्चाएं चल रही हैं, कोई भी किसी की जीत-हार का दावा कर सकता है। ऐसे में प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में शामिल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच होने वाली हार-जीत की बात आम लोगों के बीच सबसे ज्यादा सुनी जा रही है।



## विदिशा संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा बनाना हैः शिवराज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा में बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की और विदिशा भ्रमण कर होली मिलन समारोह में शिरकत की। चौहान ने सभी को रंगों के पर्व होली, रंगपंचमी की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने जमीन पर बैठकर मंजीरा बजाया, ढोल की थाप पर डांस किया और होली के गीत भी गुनगुनाए।

चौहान ने कहा कि विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाना है। यहां के हर शहर, हर ग्राम को आदर्श बनाना है। उन्होंने कहा कि, किसान, महिला, युवा और गरीब के कल्याण और विकास ही हमारा लक्ष्य है।

बलौदाबाजार में देह व्यापार का भंडाफोड़

## देह व्यापार के नाम पर पत्रकार, नेता और पुलिस ने लोगों से लाखों वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में देह व्यापार का भंडाफोड़ हो गया है। देह व्यापार के नाम पर पत्रकार, नेता और पुलिस ने मिलकर लोगों से लाखों रुपए वसूले हैं। शहर के ही दों पीड़ितों से 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला आया सामने आया, जिसके बाद इस रैकेट का खुलासा हुआ।

पुलिस ने इस घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था और उससे देह व्यापार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती थी। आरोपियों द्वारा दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए मोटी रकम उगाही की जाती थी। मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा और अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की जांच शुरू होते ही आरोपी फरार हो गए। फिलहाल, सिटी कोतवाली पुलिश जांच में जुटी हुई है।



## सुकमा में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने एक नक्सली को मार गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने मौके से हथियार बरामद किए हैं। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया गया है। नक्सली का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। तलाशी अभियान जारी है। सुकमा और बीजापुर जिले के टेटमड़गु इलाके में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। तलाशी अभियान पर निकले डीआरजी और कोबरा 208 एवं 204 बटालियन के जवानों के साथ मुठभेड़ हुई है।

## रिवाल्वर दिखाकर की लूटपाट, लोगों ने दबोचा; तीनों आरोपी पहुंचे जेल

बलरामपुर। रामनुजगंज चांदो थाना अंतर्गत ग्राम जरहाखाड पहाड़ी कोरबा से 800 रुपये नगद एवं मोबाइल लूटने वाले तीन युवकों को पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से धर दबोचा। जिनके खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया और इसके बाद तीनों को न्यायालय पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ग्राम मगजी के रहने वाले पहाड़ी कोरबा प्रभु बेसरा बसकेपी में बाजार कर 30 मार्च के देर शाम 6:30 बजे करीब अपने गांव मगाजी स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान विवेकानंद चौबे पिता अनिल चौबे उम्र 24 वर्ष निवासी गोदरमान, समीर कुशवाहा पिता रामचंद्र कुशवाहा उम्र 18 वर्ष वार्ड क्रमांक 14 रामानुजगंज निवासी एवं राकेश यादव रामानुजगंज निवासी तीनों युवक के द्वारा जो पल्सर बाइक पर थे।

## जगदलपुर से हैदराबाद के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू

### मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर वाटर कैनन से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर संभाग के मुख्य जिला बस्तर ने फिर एक बड़ी छलांग लगाई है। बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार रविवार को पूरी हो गई। अब जगदलपुर से हैदराबाद के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू हो गई है। पहले दिन विमान के आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर उसका वाटर कैनन से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नेता, विमानन मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए इंडिगो की फ्लाइट रविवार को 57 यात्रियों को लेकर हैदराबाद से जगदलपुर पहुंची। इसके बाद यहां से 32 यात्रियों को लेकर फ्लाइट रायपुर के लिए उड़ान भरी।

**रायपुर से जगदलपुर के बीच 2299 रुपए तय किया गया किराया**



**यह रहेगा शेड्यूल**

फ्लाइट का शुरुआती किराया रायपुर-जगदलपुर के बीच 2299 रुपए तय किया गया है। हालांकि बाद में इसे सीटों के हिसाब से बढ़ाया जा सकता है। यह फ्लाइट प्रतिदिन हैदराबाद से सुबह 10.50 पर उड़ान भरेगी और साढ़े बारह बजे जगदलपुर पहुंचेगी। फिर जगदलपुर से दोपहर 12.50 पर उड़ान भरकर दोपहर 1.50 पर रायपुर पहुंचेगी।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस सं.: 82240042B/MED/PART-1 दिनांक: 01.04.2024
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240042B | टैब/कैप एमोक्सिसिलिन 500 मिलीग्राम और क्लैबुलैनिक एसिड 125 मिलीग्राम (625 मिलीग्राम) | 9,83,012 | 24.04.2024 |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 952/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82249307B | नैनो–पैक्लिटेक्सेल 100 मिलीग्राम | 1000 Nos | 22.04.2024 |
| 02 | 82241030E | टीडीएम–1 (एडो–ट्रैस्टुजुमैब एमटान्सिन) इंच। 100 मि.ग्रा | 120 Nos | 24.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक : 01.04.2024 953/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# बैंकिंग सेक्टर में पांचवीं पीढ़ी के सुधार की जरूरत

भारत की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए सरकार की प्रगतिशील व नवाचारी आर्थिक नीतियों के साथ मजबूत बैंकिंग व्यवस्था भी जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकिंग नियमन और भारतीय बैंकिंग सिस्टम यूं तो विश्व की बेहतर बैंकिंग व्यवस्थाओं में से एक है, इसके बावजूद इसमें उत्तरोत्तर सुधार की जरूरत बनी रहती है। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसमें पीएसयू बैंकों की भूमिका अहम होगी। जहां वित्तीय क्षेत्र में उभरते बदलावों के साथ नये बैंक ढांचे की जरूरत है, वहीं मौजूदा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की भी। बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नए तरीकों की आवश्यकता होगी। उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन की चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। ऐसी स्थिति में, हमें बैंकिंग की संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। रिजर्व बैंक को मौद्रिक उपायों के लिए नीतिगत ब्याज दरों के फार्मूले से बाहर भी देखना होगा। भारतीय बैंकिंग सिस्टम पहली पीढ़ी की बैंकिंग से चौथी पीढ़ी की बैंकिंग व्यवस्था की यात्रा कर चुकी है। स्वतंत्रता-पूर्व अवधि (1947 तक) पहली पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान छोटे और स्थानीय बैंकों ने जन्म लिया। 1947-1967 तक दूसरी पीढ़ी की बैंकिंग का दौर चला। 1967-1991 तक तीसरी पीढ़ी की बैंकिंग निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का काल था। भारत ने क्लास बैंकिंग से मास बैंकिंग की तरफ कदम बढ़ाया। 1991-2014 तक चौथी पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान अनेक ऐतिहासिक सुधार हुए। निजी एवं विदेशी बैंकों को नए लाइसेंस जारी किए गए। वर्तमान में वर्ष 2014 के बाद से, बैंकिंग क्षेत्र ने जेएएम (जन-धन, आधार और मोबाइल) को अपनाने और भुगतान बैंकों तथा लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस जारी करने जैसे कार्यों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। अब पांचवीं पीढ़ी की बैंकिंग की जरूरत है। 1991 में आई नरसिम्हम समिति की रिपोर्ट में घरेलू व निजी बैंक के साथ तीन से चार बिग वाणिज्यिक बैंक की सिफारिश की गई थी। सरकार ने कुछ बैंकों का विलय कर दिया है। डीएफआई व बैड बैंक की स्थापना की दिशा में कदम उठाए हैं। अब विशिष्ट बैंकिंग की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। ये विशेष बैंक, आरएएम (रिटेल, एग्रीकल्चर, एमएसएमईज) जैसे क्षेत्रों में अनिवार्य वित्त की पहुंच को आसान बनाएंगे। डिजिटल बैंकिंग के अगले चरण ब्लॉकचेन बैंकिंग अपनाने की जरूरत है। इसके लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी को लागू करना पड़ेगा। बैंकिंग में एनपीए पर नियंत्रण के साथ कर्ज जोखिम को कम करना होगा। भारतीय बैंकिंग को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और गवर्नेंस) फ्रेमवर्क का भी पालन करना चाहिए। एक गतिशील अर्थव्यवस्था में जिम्मेदार बैंकिंग प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है। रिजर्व बैंक को इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए।



पाकिस्तान
प्रभात कुमार रॉय

# चीनियों के खिलाफ बलोचों का विद्रोह

> वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि उसने ग्वादर पोर्ट के पास एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण किया।

विश्व पटल पर एक बार फिर से बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि हाल में उसने पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के पास कोल्वा कस्बे में घात लगाकर एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण अंजाम दिया। इस आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियरों को हलाक कर दिया गया। इस हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने ली। इस हमले को आतंकवादी आक्रमण का करार देकर खारिज नहीं किया जा सकता। इस बलोच हमले ने पाकिस्तान के स्वयं के और अपने मुल्क में चीन के नागरिकों की सुरक्षा पर प्रबल सवालिया निशान लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से ग्वादर पोर्ट पर पाकिस्तान और चीन की इकोनामिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन की हुकूमत तकरीबन 62 मिलियन डालर की विशाल धनराशि का निवेश कर रही है। चीन की हुकूमत ने अपने नागरिकों की और अपने आर्थिक निवेश की हिफाजत पर निरंतर जोर दिया है। आर्थिक तौर पर एकदम कंगाल हो चुके पाकिस्तान को इस चीन के आर्थिक निवेश की जबरदस्त दरकार है। चीन के इंजीनियरों के ऊपर अंजाम दिया गया यह आत्मघाती आक्रमण शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद संभाल लेने के चंद हफ्तों के भीतर हुआ है। पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ और स्वतंत्र विश्लेषक फाखर काकाखेल के मुताबिक प्रतीकात्मक रूप से हमला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार इस हमले से बलोच लिबरेशन आर्मी विश्वव्यापी तौर पर सुर्खियों में आ गई है और बलोच विद्रोही वस्तुतः यही चाहते थे। बलोच विद्रोही सारी दुनिया को यह पैगाम देना चाहते थे कि कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद वह अपनी आक्रामक रणनीति में कामयाब रहे। यह हमला ग्वादर इलाके के हाई सिक्युरिटी जोन में अंजाम दिया गया।

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विद्रोही विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलोच लिबरेशन आर्मी का सशस्त्र संघर्ष अधिकतर पहाड़ी इलाकों में रहा है, जबकि उसका आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड शहरी इलाकों में भी हमले कर चीनी इंजीनियरों और पाकिस्तानी फौज को अपना निशाना बनाता रहा है। इसमें कराची और ग्वादर में अंजाम दिए गए आत्मघाती हमले भी शामिल हैं। बलूचिस्तान पाक का प्रांत है।

वर्ष 1973 में बलोच लिबरेशन फ्रंट की बुनियाद ईरान में रखी गई थी। बलोच कबीला पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के इलाकों में सदियों से निवास करता है। बलूचिस्तान क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है जो कि पाकिस्तान के संपूर्ण क्षेत्रफल का तकरीबन 40 फ़ीसदी हिस्सा है।



बलूचिस्तान एक करोड़ आबादी वाला प्रांत है। पाक के बलूचिस्तान प्रांत की सरहद अफगानिस्तान और ईरान से मिलती है। बलूचिस्तान प्रांत तेल, कोयला, सोना, तांबा और गैस के भंडारों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। लेकिन दुर्भाग्य से यह पाकिस्तान का सबसे गरीब व सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है।

बलोच लिबरेशन फ्रंट एक स्वाधीन बलूचिस्तान के निर्माण के लिए विगत 50 वर्षों से संघर्षरत है। ब्रिटिश शासन के साम्राज्यवादी दौर से ही नेपाल और भूटान की तरह से बलूचिस्तान स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाका था। जिसका शासक नवाब मीर खान था, जिसे कलात सरदार भी कहा जाता था। भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात निर्मित किए गए पाकिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति मोहम्मद अली जिन्ना ने भी प्रारम्भ में बलूचिस्तान को एक स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाके के तौर पर स्वीकार किया था, किंतु बाद में वर्ष 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पाक फौज भेज कर नवाब मीर खान को अगवा करा लिया गया और कराची में फौजी बंदूक के साए में मीर खान से जबरन बलूचिस्तान का पाक में विलय करने के दस्तावेज पर दस्तखत करा लिए गए। वस्तुतः बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह की शुरुआत 1948 से ही नवाब नौरोज खान के नेतृत्व में हो गई थी। यह बलोच बगावत तकरीबन एक दशक तक जारी रही और अंततः जनरल अयूब खान की फौज द्वारा इसे कुचल दिया गया। 1971 में बांग्लादेश की आजादी से प्रेरित होकर बलोच बागियों ने फिर से सरदार अकबर खान बुगती की कयादत में सशस्त्र संघर्ष शुरू किया। वर्ष 2006 में पाक फौज द्वारा सर्वोच्च बलोच लीडर अकबर खान बुगती की हत्या की गई थी। उसके पश्चात बलोच बगावत और अधिक तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बलोच के संघर्ष को लाल किला के प्राचीर से भारत का नैतिक समर्थन प्रदान किया गया।

चीन द्वारा पाक और चीन कॉरिडोर को लेकर 2018 में ग्वादर में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। नवंबर 2018 में बलोच लिब्रेशन आर्मी ने कराची में चीनी दूतावास पर आक्रमण किया। 2019 में इस तंजीम ने ग्वादर के पीसी होटल पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें कि पांच चीनी इंजीनियर मारे गए थे। 13 अगस्त 2023 को अंजाम दिए गए हमले की जिम्मेदारी बलोच लिब्रेशन आर्मी ने ली थी। 2011 में बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड का गठन किया गया था। यह दस्ता बलोच यौद्धा मजीद लांग के नाम पर गठित किया गया था। मजीद लांग की मौत के बाद उसके छोटे भाई का जन्म हुआ, जिसका नाम भी मजीद रखा गया था। वह भी प्रतिबंधित बलोच लिबरेशन आर्मी में शामिल हो गया। 2011 में क्वेटा के पास मजीद एक खूनी मुठभेड़ में मारा गया। उसकी मौत के दिन इस तंजीम के गठन का ऐलान किया गया। बलोच लिबरेशन आर्मी के कमांडर उस्ताद असलम ने दोनों भाइयों की बहादुरी को देखते हुए, इस आत्मघाती तंजीम का नाम मजीद ब्रिगेड रख दिया।

आजकल बलोच विद्रोही व पाक तहरीक-ए-तालिबान के पश्तून बागी उस संपूर्ण इलाके को अपना निशाना बना रहे हैं, जहां से होकर पाक-चीन आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इस कॉरिडोर की हिफाजत के लिए चीन ने अपने सैनिक भेजने की पेशकश की, जिसको पाक ने ठुकरा दिया है, क्योंकि वह अमेरिका की नजर में चीन का सैन्य साझीदार देश नहीं बनना चाहता। अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत स्थापित हो जाने के बाद बलोच और पश्तून बागियों के संघर्ष में एक नई जान आ गई है। वे अफगानिस्तान में अपने गोरिल्ला कैंप बना लिए हैं। इन विद्रोहियों की भरपूर इमदाद अफगान तालिबान कर रहे हैं। विधि की विडंबना देखिए जिन अफगान तालिबान को पाकिस्तानी फौज ने पाला पोसा और परवान चढ़ाया था और फिर अफगानिस्तान में सत्तानशीन कराया था, वही आज पाकिस्तान के दुश्मन बनकर उभरे हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
सुरेश हिंदुस्तानी



# अंसारी की मौत पर राजनीति क्यों

भारत के कुख्यात अपराधी मुख़्तार अंसारी की मौत के मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार मौत के बहाने एक बार फिर से तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। आतंकियों और अपराधियों को संप्रदाय से अलग देखने की क़वायद करने वाले कुछ राजनीतिक दल इस मौत को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं। जबकि यह सत्य है कि किसी भी अपराधी को सजा उसके स्वयं के कर्म ही देते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों को इसमें भी वोट की राजनीति करने का बहाना मिल जाता है। आज उत्तरप्रदेश अपराध मुक्त राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिसके कारण अपराध करने वाला अपने कर्म को करने से पहले उसकी होने वाली परिणति को भांप लेता है और संभल जाता है, लेकिन उत्तरप्रदेश के विपक्षी दलों की दिशाहीन राजनीति फिर से उसी मार्ग पर जाने का रास्ता बनाने वाली दिख रही है, जिस मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश बहुत पीछे हो गया था। आज राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवश्यकता है। ऐसी ही नीति बनाकर राजनीतिक दलों को अपने कदम बढ़ाने चाहिए। लेकिन हम यह भी भलीभांति जानते हैं कि इस प्रकार की राजनीति के माध्यम से देश में जिस प्रकार का खेल खेला गया, उससे न तो देश का भला हुआ और न ही उस समाज का ही भला हुआ। आज इस बात से कोई भी व्यक्ति इंकार नहीं कर सकता कि बाहुबल का पर्याय बन चुकी उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब पहले जैसी धमक नहीं है। सरकारों को अपने संकेतों पर चलाने वाले उत्तर प्रदेश में माफिया राज का अंत हो चुका है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से उत्तरप्रदेश में माफिया राज हावी था, यह माफिया हो चाहता था, राजनीतिक संरक्षण में उसको अंजाम भी देता रहा है। जिसके कारण तमाम अपराधी रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास और ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए अपनी दबंगई दिखाते थे, अब वैसी दबंगई नहीं दिखती तो इसके पीछे शासन और प्रशासन की सकारात्मक सक्रियता ही है।

उत्तरप्रदेश में बाहुबली नेता के तौर पर स्थापित होकर राजनीति करने वाले मुख़्तार अंसारी की मौत पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है, कोई मुख़्तार की मौत को हत्या बताने की राजनीति की जा रही है तो कोई इसे वोट कबाड़ने की सीढ़ी बनाने का प्रयास कर रहा है। ये सभी जानते हैं कि मुख़्तार अंसारी कोई सामान्य अपराधी नहीं था, उस पर 65 मामले दर्ज थे, जिनमें उसको आठ में सजा भी मिल चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी इस कुख्यात अपराधी के साथ राजनीतिक दलों का खड़े होना कई प्रकार के प्रश्न पैदा कर रहा है। विपक्षी दल जो आरोप लगा रहे हैं, वे एक अपराधी को समर्थन देने जैसा हैं। इससे यह भी अर्थ निकाला जा सकता हैं कि विपक्ष की राजनीति का आधार भी माफिया ही हैं क्या?

आज ज़ब विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से मुख़्तार अंसारी की मौत के कारणों की जांच की मांग की जा रही है, तब इसे इसलिए न्यायसंगत कहा जा सकता है कि जांच की मांग करना पूरी तरह से न्यायोचित है, लोकतांत्रिक देश में यह अधिकार सभी को है, लेकिन किसी घटना के बारे में निर्णय कर देने की राजनीतिक परंपरा जनता को भ्रमित करने जैसी ही मानी जाएगी। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि एक अपराधी को महिमामंडित करके उसके क्रियाकलापों का समर्थन करना राजनीति को अपराध से युक्त करना एक राजनीतिक प्रयास ही माना जाएगा। यहां एक सवाल यह भी उपस्थित हो रहा है कि मुख़्तार अंसारी के परिजनों ने यह स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनकी तबियत बहुत ही खराब है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो गया है कि , मुख़्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई। ऐसे में मौत के कारणों को लेकर सवाल उठाना राजनीति के अलावा कुछ नहीं। एक समय अपराध की दुनिया के शातिर रह चुके मुख़्तार अंसारी की वह ज़मीन पूरी तरह से खिसक चुकी थी, जिसके सहारे लोगों में डर का माहौल बनता था।

उत्तरप्रदेश लम्बे समय तक अपराध युक्त राजनीति का केंद्र रहा है। तमाम अपराधी भी इसके सहारे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इस संरक्षण के माध्यम से बाहुबली राजनीति के पर्याय बने नेताओं ने जहां एक ओर ज़मीनों पर अवैध कब्जा किए, वहीं कभी कभी निर्दोष लोगों को डराने के लिए हत्या जैसे कारनामों को भी अंजाम दिया। इसके बाद भी कई राजनेता उनके साथ खड़े दिखाई दिए। आज ज़ब राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवाज उठाई जाती है, तब उसका इशारा यह स्पष्ट संकेत देता है कि बाहुबल के सहारे जो खेल खेला जाता है, उस पर रोक लगना चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल इस पर मौन साध लेते हैं। यही मौन उनको संरक्षण प्रदान करता है। उत्तरप्रदेश में निश्चित रूप से आज हालात बदले हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को अपराध से मुक्त करने का साहस दिखाया है, उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित
**प्रेरणा**

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछाः हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहाः मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहाः नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोलाः किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### इंडी गठबंधन के पाले बदल गए, चेहरे वही है

इंडी के लिए राजनीति धालमेल है। कांग्रेस गठबंधन का चरित्र ही बदला नजर आ रहा है। इसके चलते चौतरफा विरोध के स्वर फुट रहे है। इंडी गठबंधन सत्ता के सपने बुन रहे उसके कार्यकर्ताओं ने ही झकझोर कर रख दिया है। केजरीवाल की 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ गई है। इनका सता का सपना सच नही हो सकता है।केजरीवाल का दामन कांटो भरा है। केजरीवाल अगर दूध के धुले होते तो कोर्ट हिरासत क्यो बढ़ाती? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से आए सैकड़ो बागियों को भाजपा में तरजीह मिली है। यह अपने अपने दल की विचारधारा है। - कांतिलाल मांडोत, सूरत

## करंट अफेयर

# गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना

इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं। फलस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए। इजराइली सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को ''पूरी तबाही'' बताया। उन्होंने कहा कि कई इमारतें जला दी गयीं। उन्होंने इलाके में छह शवों की गिनती की। इनमें से दो शव अस्पताल परिसर में पड़े थे। एक अन्य निवासी याहिया अबू औफ ने कहा कि अस्पताल में मरीज, चिकित्सा कर्मी तथा विस्थापित लोग मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नजदीकी अहली हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के बुलडोजर ने अस्पताल परिसर के भीतर एक अस्थायी कब्रिस्तान को ढहा दिया है।



## ऑफ बीट

# जल्द गहराने वाला है रचनात्मकता का संकट

जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है। कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आयी है। केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है । अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे हैं तो वे कहीं भी गलत नहीं हैं। पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए। उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल 'उचित उपयोग'' है।



## ट्रेंड

### प्राथमिकताएं स्पष्ट



बैंकिंग व्यवस्था को लेकर हमारे विजन में बड़ी-बड़ी कंपनियों से लेकर रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों की जरूरतों पर भी हमारा फोकस है। आज भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं, इसलिए इसे प्रगति करने से कोई रोक नहीं सकता।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान राम के पास सत्य था



भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े, उनके पास सत्ता नहीं थी, संसाधन नहीं थे, उनके रथ भी नहीं था। रथ रावण के पास था, संसाधन रावण के पास थे। भगवान राम के साथ आशा थी, आस्था थी, विनम्रता थी, धीरज था, साहस था और सत्य था।

- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### बहुत उत्साहित हूं



डिज्नी में मुख्य डीईआई अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। बॉब इगर और कैथलीन कैनेडी की सामग्री को और अधिक जीवंत बनाने के लिए उनके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता। यहां तक कि भाषाई भी।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### मां को सुकून



मां को बच्चों के लिए स्वेटर बुनना बहुत अच्छा लगता है। एक बार जब स्वेटर बन जाये तो तब तक सुकून नहीं मिलता जब तक मैं या मेरा भाई राजू स्वेटर्स को बच्चों को देने का सुबूत उनको ना दें।

-अनुपम खेर, अभिनेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## जहां काम-वहीं वोट के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए खास सुविधा

# निर्वाचन आयोग ने लिया बड़ा फैसलाः अब मतदाता को वोट डालने के लिए नहीं जाना पड़ेगा अपने गांव या शहर, जहां हैं वहीं कर सकेंगे वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने बहुत बड़ी राहत दी है। इस बार चुनाव में प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्य, नगर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी प्रवासी मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। उसका प्रारूप फार्म 12सी होगा। यदि वे फिजिकली वोट के लिए अनुरोध करते हैं तो उनके लिए फार्म एम होगा। बता दें कि यह जानकारी माइग्रेंट वोटर्स को उनके चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। प्रवासी मतदाता को वे अभी जहां निवास कर रहे हैं, वहां पर संबंधित ईआरओ कार्यालय में जाकर तीन डॉक्यूमेंट जमा करने होंगे। पहला डॉक्यूमेंट फार्म एम या फार्म 12सी में से कोई एक। दूसरा जहां पर वर्तमान में निवास कर रहे हैं, वहां का रेजीडेंस प्रूफ और तीसरा रिलीफ कमिश्नर से प्राप्त माइग्रेशन सर्टिफिकेट या अन्य कोई अभिलेख। इन अभिलेखों को जमा करने के उपरांत राज्य के ईआरओ इन आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मोड से संबंधित ईआरओ को भेजेंगे, जो जम्मू और कश्मीर राज्य में होंगे। यह सुविधा केवल तीन लोकसभा क्षेत्र श्रीनगर, अनंतनाग और बारामुला के लिए उपलब्ध होगी।

प्रवासी मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है, जिससे उन्हें वोट डालने के लिए अपने राज्य नहीं लौटना होगा। प्रवासी मतदाता जिस शहर या राज्य में काम करते हैं, वहीं से अपने राज्य के चुनाव में वोटिंग कर सकेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा बड़े स्तर पर तैयारी की गई है।

चुनाव में सभी प्रवासी मतदाता कर सकेंगे बैलेट से मतदान

उत्तराखंड में प्रवासी मतदाताओं की कुल संख्या 93 हजार 187

### जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं



### पौड़ी में सबसे अधिक 34845 प्रवासी मतदाता



अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड में प्रवासी मतदाताओं की कुल संख्या 93 हजार 187 है। इसमें टिहरी लोकसभा से 12862, पौड़ी गढ़वाल से 34845, अल्मोड़ा से 29105, नैनीताल से 10629 एवं हरिद्वार लोकसभा से 5746 सर्विस वोटर चिह्नित किए गए हैं। इनमें 90554 पुरुष और 2633 महिला प्रवासी मतदाता हैं। गौरतलब है कि रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में रहने वाले घरेलू प्रवासी मतदाताओं को वोट डालने अपने राज्य, शहर, घर लौटना पड़ता है। वोटर नई जगह जाने पर कई वजहों के चलते चुनाव में मतदान करने के लिए अपने घरेलू मतदान केंद्र पर नहीं लौट पाता है।

### गजब चुनावी वादे...राशन कार्ड से बंटवाएंगे शराब



लोकसभा चुनाव अब अपने पूरे रंग-ढंग में है और सभी राजनेता और दल जनता को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे और आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन इस बीच महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक ऐसी महिला उम्मीदवार मिली जिसके चुनावी वादे सुनकर हर कोई अचरज में पड़ा जाए। चंद्रपुर लोकसभा सीट से एक महिला कैंडिडेट का कहना है कि अगर वह सांसद बनी तो राशन कार्ड पर विदेशी शराब दिलाएगी और बेरोजगार युवाओं को शराब के ठेके भी आवंटित करेगी। इतना ही नहीं महिला प्रत्याशी का वादा है कि वह चुनाव जीतने के बाद प्रत्येक गांव में शराब के ठेके भी खुलवाएगी। इस महिला उम्मीदवार द्वारा किये चुनावी वादे चर्चा का विषय बने हुए हैं।दरअसल, चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र से उतरी महिला उम्मीदवार वनिता राऊत इन दिनों काफी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार दौरान जिस तरह के वादे किए हैं, वह हैरान करने वाले हैं और शायद ही इसके पहले किसी उम्मीदवार ने ऐसा प्रचार किया हो। चुनाव प्रचार के दौरान शराब बांटना आम बात सी हो गई हैं, लेकिन चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र की महिला उम्मीदवार वनिता राऊत ने प्रत्येक गांव में बियर बार खुलवाने का वादा कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अगर वह जीतीं तो उन्हें मिलने वाली सांसद निधि से गरीबों को मुफ्त में दारू की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## सीएम केजरीवाल को जेल में क्यों डाला? जनता देगी जवाबः सुनीता



दिल्ली शराब घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले उनकी ईडी की कस्टडी की अवधि आज समाप्त हो गई थी। इस दौरान सीएम केजरीवाल की पत्नी भी कोर्ट में मौजूद थीं। कोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के बाद अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मामले में पूछताछ पूरी हो गई है। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। ऐसे में उन्हें जेल में क्यों डाला गया? इनलोगों का एक ही मकसद है कि चुनाव के दौरान उन्हें जेल में डालना है। देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी। वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में पेश होने के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जो मोदीजी कर रहे हैं वो देश के लिए ठीक नहीं है।

## सुनीता केजरीवाल तो राबड़ी देवी बनतीं जा रहीं हैंः हरदीप सिंह



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सुनीता केजरीवाल की तुलना लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी से कर दी और कहा कि वे तो अब राबड़ी देवी बन रही हैं। बता दें कि राबड़ी देवी, जो तब बिहार की मुख्यमंत्री बनीं, जब उनके पति लालू यादव भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए थे। हरदीप पुरी ने तंज कसते हुए कहा कि सुनीता तो राबड़ी देवी बन रही हैं। मैं पिछले 10 दिनों में 3-4 बार कह चुका हूं कि 'अब ये राबड़ी देवी' आगे आएंगी। मेरे कहने का मतलब यह है कि अब सुनीता केजरीवाल आगे आएंगी। इसके बाद हरदीप सिंह पुरी ने अरविंद केजरीवाल पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अब कैबिनेट बैठकें कर सकते हैं क्योंकि आप के दो नेता - मनीष सिसौदिया और संजय सिंह - जेल में हैं। उन्होंने कहा कि क्या कोई सरकार सलाखों के पीछे से चल सकती है?यहां एक ऐसी सरकार है जिसके तीन मंत्री पहले से ही सलाखों के पीछे हैं। उनके पास कोरम है, वे सलाखों के पीछे कैबिनेट वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा कि अदालत का मानना है कि केजरीवाल को सलाखों के पीछे रहना चाहिए। हम सभी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली के दौरान भ्रष्टाचार का फ्लॉप शो देखा। उन्होंने कल जो किया वह 'रैली' की परिभाषा में फिट नहीं बैठता। रैली का मतलब होता है एक विशाल जनसभा, हालांकि वीडियो में आपको खाली कुर्सियां दिखेंगी।

आचार संहिता के दौरान महिलाओं पर की थी टिप्पणी

## चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और दिलीप घोष को दी चेतावनी



दिल्ली चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को चेतावनी दी है। दरअसल आयोग ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दोनों नेताओं को चेतावनी दी है। आयोग ने इस बाबत कहा कि दोनो नेताओं के बयान पर अब नजर रखी जाएगी। आयोग ने इस बाबत आश्वस्त किया कि दोनों नेताओं ने लोगों पर व्यक्तिगत और निजी हमला करते हुए देशभर में लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सासंद दिलीप घोष को आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने को लेकर चेतावनी दी है। आयोग ने इस दौरान नैतिक आचार संहिता के उल्लंघनों पर उन्हें जारी किए गए नोटिस का जवाब मिलने के बाद अपने आदेश में कहा कि वे आश्वस्त हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत हमला किया है। इस तरह से उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्हें आदर्श आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगली बार से उनकी चुनाव संबंधी भाषणों पर आयोग द्वारा निगरानी रखी जाएगी। बता दें कि आयोग ने चेतावनी नोटिस की एक कॉपी पार्टी अध्यक्षों को भी भेजी है।

### फेसबुक अकाउंट पर शेयर किया था विवादित पोस्ट

बता दें कि बीते दिनों सुप्रिया श्रीनेत के फेसबुक अकाउंट से कंगना रनौत को लेकर एक विवादित पोस्ट शेयर किया गया था। अपने पोस्ट में सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत की तस्वीर लगाई और आपत्तिजनक बयान दिया था। इसके बाद जब विवाद बढ़ने लगा तो मामला महिला आयोग तक पहुंचा। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। बता दें कि कंगना रनौत को भाजपा ने मंडी से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बाद सुप्रिया श्रीनेत ने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी टीम के किसी सदस्य से ऐसी गलती हुई हैं। वो किसी महिला के खिलाफ इस तरह का बयान नहीं दे सकती हैं।

### खबर संक्षेप

### एलओसी पर घुसपैठ कर रहे ड्रोन को गोली मारी



**जम्मू।** राजोरी के सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार को नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी ड्रोन ने घुसपैठ की कोशिश की। सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने जब ड्रोन को अपनी सीमा में प्रवेश करते देखा तो गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया का एलओसी के पास दो अलग-अलग स्थानों पर एक ड्रोन और संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही देखने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की।

### घर में विस्फोट, मलबे से दो मासूमों को निकाला



**बदायूं।** कस्बा इस्लामनगर निवासी आतिशबाज अख्तर के मकान में दोपहर तीन बजे करीब अचानक विस्फोट हुआ। तेज धमाके के साथ उसका दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर दो मासूम बच्चियों को बाहर निकाल लिया। जबकि तीन लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे के समय अख्तर किसी काम से घर से बाहर था।

## आरबीआई के 90 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष बैंक के मजबूत सिस्टम को सराहा

# एक समय था जब देश का बैंकिंग सिस्टम 'डूबने' की कगार पर था, आज वह बड़ा प्रॉफिट दे रहा है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वां स्थापना दिवस के मौके पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आरबीआई एक संस्थान के रूप में आजादी से पहले और आजादी के बाद के कालखंड का गवाह बना है। आज रिजर्व बैंक की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है। पीएम ने आरबीआई से जुड़े लोगों से कहा कि आप जो आज नीतियां बनाएंगे वह आने वाले दशकों के लिए अहम होगा। पीएम ने कहा कि जब मैं आरबीआई की 80वें स्थापना दिवस पर आया था तब बैंकिंग सेक्टर की हालत काफी खराब थी। एनपीए की स्थिति काफी खराब थी। हमने वहां से शुरुआत की। आज आरबीआई को दुनिया में एक मजबूत सिस्टम माना जा रहा है। पीएम ने कहा कि जो बैंकिंग सिस्टम डूबने की कगार पर था, आज वह बड़ा प्रॉफिट दे रहा है। यह बदलाव इसलिए आया क्योंकि हमारी नीतियों में स्पष्टता थी। जब नीति सही होती है को निर्णय सही होते हैं।



पीएम मोदी ने कहा आरबीआई आजादी से पहले और बाद का गवाह है। अब डिजिटल ट्रांजैक्शन को भी बढ़ावा देना होगा

भारतीय रिजर्व बैंक की 90वां स्थापना दिवस के मौके पर पीएम ने कहा कि जब मैं आरबीआई की 80वें स्थापना दिवस पर आया था तब बैंकिंग सेक्टर की हालत काफी खराब थी। एनपीए की स्थिति भी ठीक नहीं थी। हमने वहां से शुरुआत की। आज आरबीआई को दुनिया में एक मजबूत सिस्टम माना जा रहा है।

### बैंकों का ग्रॉस एनपीए 2018 में 11.25 प्रतिशत था, सितंबर 2020 आते-आते 3 प्रतिशत से भी कम हो गया



1 अप्रैल 2024 को आरबीआई के 90 साल पूरे होने के मौके पर मुंबई में डाक टिकट जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### एक दशक में जो हुआ वह तो महज एक ट्रेलर है

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में जो हुआ वह तो महज एक ट्रेलर है, अभी देश को बहुत आगे लेकर जाना है। हमें अगले 10 साल में देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना होगा। हमें फाइनेंशियल इन्क्लूजन को मजबूत करना होगा।

### प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद कीः वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने की भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में "बैलेंस शीट की समस्या" थी, जबकि आज सरकार और आरबीआई के सहयोगात्मक प्रयास से इसमें सुधार है।

### आज 52 करोड़ जनधन खाते हैं

पीएम ने कहा कि आरबीआई के लिए आप जो काम करते हैं वह सामान्य लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। पीएम ने कहा कि देश में आज 52 करोड़ जनधन खाते हैं। इनमें भी आधे से ज्यादा खाते महिलाओं के नाम हैं। आज 7 करोड़ से ज्यादा पशुपालक मछली पालक के पास किसान क्रेडिट कार्ड है। यूपीआई आज दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है। एक दशक के भीतर हम एक नई बैंकिंग व्यवस्था, नई करेंसी व्यवस्था में प्रवेश कर गए हैं।

### आरबीआई को मॉनिटरिंग टूल पर सोचना चाहिए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के बड़े देश कोविड की मार से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था नई ऊंचाई को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आरबीआई को मॉनिटरिंग टूल पर सोचना चाहिए। वह ग्लोबल लीडर की भूमिका निभा सकता है। अगले 10 साल के टारगेट तय करते हुए हमें भारत के युवाओं की इच्छाओं को ध्यान रखने की जरूरत है। आरबीआई की इसमें बड़ी भूमिका हो सकती है। पीएम ने कहा कि हम आज इकोनॉमी के कई क्षेत्रों में हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। रिजर्व बैंक को आगे आउट ऑफ द बॉक्स सोचना होगा। उन्होंने गवर्नर शक्तिकांत दास की तारीफ की। पीएम ने कहा कि 21 वीं सदी में इनोवेशन का बड़ा महत्व रहने वाला है। सरकार इस पर काफी खर्च कर रही है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार

## मुस्लिम पक्ष को लगा झटका- व्यास तहखाने में जारी रहेगी पूजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें उसने वाराणसी जिला कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मौजूद व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 17 जनवरी और 31 जनवरी (तहखाना के अंदर पूजा की अनुमति) के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में बिना किसी बाधा के 'नमाज' पढ़ी जाती है और हिंदू पुजारी द्वारा 'पूजा' की जाती है। 'तहखाना' क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखना उचित है ताकि दोनों समुदाय उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम हो सकें। उइस मामले में फरवरी में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी।

*वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी के अंदर पूजा की अनुमति दी थी*

*साफ कहा तहखाने में पूजा का अधिकार कोर्ट से मिला*

### 1993 से बंद था व्यास तहखाना



हिंदू पक्ष का दावा है कि उससे पहले तहखाने में श्रृंगार गौरी की पूजा होती थी, मगर 1991 में जब पूजास्थल अधिनियम बना, तो राज्य सरकार ने उसे बंद करा दिया। दरअसल हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़ कर हुआ है, इसलिए उस पर उसे स्वामित्व दिलाया जाए। यह मामला लंबा खिंचता गया। व्यास तहखाना भगवान नंदी के ठीक सामने स्थित है। यह व्यास परिवार का तहखाना है। मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर में साल 1993 तक यहां पूजा होती थी लेकिन नवंबर 1993 में सरकार द्वारा यहां पूजा बंद करा दी गई और पुजारियों को हटा दिया गया। 18 अगस्त 2021 को पांच महिलाओं ने सिविल जज (सीनियर डिविजन) के सामने एक वाद दायर किया था। महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के बगल में बने श्रृंगार गौरी मंदिर में रोजाना पूजन-दर्शन की मांग की थी। महिलाओं की मांग पर जज रवि कुमार दिवाकर ने मस्जिद परिसर का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था।

### नैना देवी में हादसा महिला श्रद्धालु की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर जिले के नैना देवी नगर में सोमवार सुबह एक बस की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से नैना देवी मंदिर में दर्शन के लिए आई थी। बस चालक ने वाहन से कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और इस कारण महिला उसकी चपेट में आ गयी। इसके बाद बस नैना देवी बस स्टैंड के पास पहाड़ से जा टकराई।


## गुमशुदा की तलाश



निकिता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** निकिता, **पुत्रीः** भरत राम, **पताः** प्लॉट नंबर 4, खसरा नंबर 15/8, ग्राउंड फ्लोर, स्वरूप नगर एक्सटेंशन, शनि मंदिर के पास, दिल्ली, **उम्रः** 19 साल, **कदः** 5'2'', **रंगः** गोरा, **शरीरः** पतला, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** काले रंग का सूट व सलवार और पैरों में लेडीज़ चप्पल पहने है, जो दिनांक 27.03.2024 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 45A, दिनांकः 27.03.2024, थानाः भलस्वा डेरी, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/3775/ON/2024**

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशनः भलस्वा डेरी, दिल्ली
फोनः 7065036328

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त विजय चौधरी, निवासी H-3/12, दूसरी मंजिल, मॉडल टाउन-II, दिल्ली. ने **Ct Cases 640/2017 138 NI Act.**, थाना शाहदरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त विजय चौधरी मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त विजय चौधरी फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **Ct Cases 640/2017 138 NI Act.**, थाना शाहदरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त विजय चौधरी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
महानगर दण्डाधिकारी-03
शाहदरा, कोर्ट नं-19
कड़कड़डूमा, न्यायालय, दिल्ली

DP/3618/SHD/2024

## रिजर्व बैंक के 90 साल पूर्ण होने पर बोले मोदी

# अगले दशक में विश्वास, स्थिरता के साथ वृद्धि आरबीआई की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

भाषा ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी और साथ ही भरोसे और स्थिरता पर भी ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने आरबीआई के 90 साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि अगला दशक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना यह आरबीआई के लिए है, जो 2035 में अपने 100 साल पूरे करेगा। मोदी ने कहा कि आरबीआई को विश्वास और स्थिरता पर ध्यान देने के साथ ही तेज वृद्धि को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। अक्सर ब्याज दर में कटौती जैसे उपायों के जरिये वृद्धि पर अतिरिक्त ध्यान देने की वकालत की जाती है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नये वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। उन्होंने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और सक्रिय मूल्य निगरानी सहित सरकार के प्रयासों से भी मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिली। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी या विभिन्न देशों में युद्धों से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद मुद्रास्फीति मध्यम स्तर पर है।



### अधिकारी नई सरकार के गठन के तुरंत बाद काम के लिए तैयार रहें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों से 'धमाधम' काम के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के अगले ही दिन से भरपूर काम होने वाला है। प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के बाद नई सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और दृढ़ता तथा गंभीरता से काम शुरू होगा। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''अभी 100 दिन चुनाव में व्यस्त हूं।

### भविष्य की जरूरतों के वित्तपोषण के लिए नये बैंक ढांचे के अध्ययन की जरूरत :मोदी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नये तरीकों की आवश्यकता हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बैंक उद्योग को यह सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि वह देश के भविष्य की वृद्धि के लिए जरूरी परियोजनाओं की कर्ज जरूरतों को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन सहित कुछ चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ''ऐसी स्थिति में, हमें देश के बैंकिंग क्षेत्र और इसकी संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है।'' इस मौके पर जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सहित बैंकों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

## आरबीआई के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की: वित्त मंत्री सीतारमण

*मुंबई(भाषा)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने की भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में ''बैलेंस शीट की समस्या'' थी, जबकि आज सरकार और आरबीआई के सहयोगात्मक प्रयास से इसमें सुधार है।*

## केवाईसी की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई

# डेडलाइन खत्म पर इन खातों में दोबारा केवाईसी की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड केवाईसी (केवाईसी) की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई है, लेकिन इसके मौजूदा निवेशकों को थोड़ी राहत दी गई है। इसके तहत निवेशकों को अब अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड खाते के लिए दोबारा केवाईसी दोबारा कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे निवेश एसआईपी (एसआईपी) और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं। इससे पहले कहा गया था कि सभी म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए 31 मार्च से पहले नई केवाईसी अनिवार्य थी। ऐसा न करने पर खाते निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद हाल ही में केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसी सीडीएसएल ने नई सूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि सभी निवेशकों को अपने केवाईसी रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल उन्हीं पर लागू होगा, जिनके नए म्यूचुअल फंड खुले हैं। इसके अलावा, सीडीएसएल ने कहा है कि म्यूचुअल फंड योजना में लेनदेन करते रहने के लिए निवेशकों के साथ 31 मार्च तक नई केवाईसी कराने की बाध्यता नहीं है। अगर कोई निवेशक नई केवाईसी नहीं करा पाता है, तब भी वह अपने म्यूचुअल फंड खाते में लेनदेन कर पाएगा।




- एसआईपी और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं

### इनके लिए जरूरी नहीं

सीडीएसएल ने कहा है कि अगर आपका केवाईसी रिकॉर्ड निर्धारित आधिकारिक वैध दस्तावेजों का उपयोग करके सत्यापित हैं और आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी सत्यापित है, तो इस प्रक्रिया से गुजरने की कोई जरूरत नहीं है। यानी किसी निवेशक ने अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सत्यापित कर लिया है और उनके द्वारा दिया गया पता प्रमाण दस्तावेज आज की तारीख में आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों की सूची में है, तो उन्हें फिर से केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है।




## महिंद्रा की बिक्री मार्च में चार प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा की मार्च में कुल बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 68,413 इकाई हो गई। कंपनी ने सोमवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 66,041 इकाइयों की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, घरेलू बाजार में उसके यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत बढ़कर 40,631 इकाई हो गई, जो पिछले साल मार्च में 35,997 इकाई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में वाहन निर्माता की यात्री वाहनों की थोक बिक्री 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,59,877 इकाई रही। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 3,59,253 इकाई थी।

## जीएसटी संग्रह मार्च में 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।

मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया।

## कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़कर 1.92 करोड़ टन पर...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 1.92 करोड़ टन रहा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की ओर से जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में इसका 'हॉट मेटल' का उत्पदान छह प्रतिशत बढ़कर 2.05 करोड़ टन रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.84 करोड़ टन रहा। कंपनी ने इस वर्ष सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक 1.71 करोड़ टन की बिक्री दर्ज की। यह इसकी अबतक की सर्वाधिक बिक्री है। बयान के अनुसार, 'सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार में बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया है। उन्होंने बदलती बाजार आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।'

# सोना 68,420 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। ए च डी ए फ सी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



- सोने में 1070 रुपए का उछाल
- चांदी में भी 1120 रुपए की तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सराफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है।' 'इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है।

# नये वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार की मजबूत शुरूआत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नये वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही और बीएसई सेंसेक्स 363 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ घरेलू बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 135.10 अंक की बढ़त के साथ 22,462 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नये वित्त वर्ष के पहले दिन घरेलू बाजार की शुरुआत अच्छी रही। इस बात के संकेत हैं कि निकट भविष्य में गति अनुकूल बनी रहेगी। इस भरोसे को वैश्विक बाजारों में तेजी से समर्थन मिला। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के जून में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा।

# नेत्रहीन बच्चों को बांटा एक महीने का राशन, बिजली के पंखे और स्टेशनरी का सामान



**नई दिल्ली।** पंजाब नैशनल बैंक के पूर्वी दिल्ली मण्डल कार्यालय द्वारा अपनी सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 28.03.2024 को भारतीय नेत्रहीन विद्यालय, तेलीवाड़ा, शाहदरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मण्डल कार्यालय द्वारा इस विद्यालय में रहकर पढ़ाई करने वाले नेत्रहीन बच्चों के लिए एक महीने का राशन, बिजली के पंखे, बच्चों की स्टेशनरी तथा पानी की बोतलें आदि दानस्वरूप दी गईं। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय पूर्वी दिल्ली के मण्डल प्रमुख श्री संजय कुमार गर्ग, उप मण्डल प्रमुख श्री अमित आनंद, मुख्य प्रबन्धक श्रीमती रचना प्रसाद एवं अन्य अधिकारीगण तथा भारतीय नेत्रहीन विद्यालय, तेलीवाड़ा, शाहदरा के प्रधानाचार्य एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मण्डल प्रमुख श्री संजय कुमार गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंजाब नैशनल बैंक की महान परंपरा के अनुसरण में बैंक अपने लाभ में से कुछ अंश सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों में व्यय करता है। इसी परंपरा को आगे बढाते हुए हमारा मण्डल कार्यालय भी समय-समय पर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करता है। आज भी हमने इस संस्था में अपना योगदान करने का निर्णय लिया है, क्योंकि यह संस्था किसी सरकारी सहायता के बिना पूरी तरह से दान तथा सहयोग से नेत्र हीन बच्चों के कल्याण कार्य में लगी हुई है। हमने इसमे छोटा सा सहयोग किया है और हमारा प्रयास रहेगा कि कमजोर वर्ग के उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने के उद्देश्य से हम भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास करते रहेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स में बी प्राक की धुन पर झूमा गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम निवासियों के लिए इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स शानदार जश्न का मौका लेकर आई। इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स के दौरान 30 मार्च को बी प्राक ने शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का आयोजन हुडा जिमखाना क्लब में किया गया। यहां दिल्ली एनसीआर के संगीत के दीवानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। बी प्राक को अपनी शानदार आवाज और चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम के दौरान बी प्राक ने दर्शकों को अपने प्रदर्शन से बांध लिया। पूरा माहौल उत्साह से भर गया और प्रशंसक भी उनके साथ गाने लगे। इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स को बेहतरीन लाइव म्यूजिक एक्सपीरियंस के लिए जाना जाता है। एक बार फिर इसने एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में नया मानक बना दिया है। बी प्राक के साथ गठजोड़ इसके प्रयासों की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।परनॉड रिकार्ड इंडिया के जनरल मैनेजर इशविंदर सिंह ने कहा, 'गुरुग्राम जैसी वाइब्रेंट सिटी में इस शानदार आयोजन के लिए बी प्राक से गठजोड़ को लेकर हम रोमांचित हैं। उनका शानदार प्रदर्शन हमारे दर्शकों के उत्साह के अनुरूप था, जिसने पूरे माहौल को जोश से भर दिया। इंपीरियल ब्लू में हम अद्वितीय म्यूजिक एवं एंटरटेनमेंट के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे उपभोक्ताओं की भावनाओं के अनुरूप है। एक ब्रांड के तौर पर हमें इस तरह के आयोजन का गर्व है, जो जीवन को मुस्कान के साथ गले लगाने की इंपीरियल ब्लू की फिलॉसफी के ही अनुरूप है।'इस कार्यक्रम को लेकर बी प्राक ने कहा, 'इस यादगार पल के लिए इंपीरियल सुपरहिट नाइट्स के साथ गठजोड़ का अनुभव शानदार रहा है। दर्शकों का उत्साह देखने लायक था और मैं खुद को उनके उत्साह का हिस्सा बनने से नहीं रोक पाया।

होली विशेष रेलगाड़ियों का विस्तार

होली के उपरान्त यात्रियों की संख्या को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 03239 | राजगीर | आनन्द विहार (ट) | वीरवार | 31.03.24 | 04.04.2024 को |
| 03240 | आनन्द विहार (ट) | राजगीर | शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05575 | सहरसा जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05576 | आनन्द विहार (ट) | सहरसा जं. | शनिवार | 02.04.24 | 06.04.2024 को |
| 05561 | समस्तीपुर जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्रवार | 02.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05562 | आनन्द विहार (ट) | समस्तीपुर जं. | शनिवार | 03.04.24 | 06.04.2024 को |
| 04095 | पटना जं. | नई दिल्ली | मंगलवार | 30.03.24 | 02.04.2024 को |
| 04073 | गया जं. | आनन्द विहार (ट) | मंगलवार | 31.03.24 | 02.04.2024 को |
| 03639 | गया जं. | आनन्द विहार (ट) | वीरवार | — | 04.04.2024 को |
| 03640 | आनन्द विहार (ट) | गया जं. | शुक्रवार | — | 05.04.2024 को |

● अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

962/2024 रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5469



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5468 का हल



## सूडोकु नवताल- 5480

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5479 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**विशाखापट्टनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 95 हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले। इस दौरान हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बेंगलुरु चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा।

### अभ्यास के बाद भी राहुल की भूमिका पर संशय

**बेंगलुरु।** लोकेश राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से पहले सोमवार को यहां नेट और फिटनेस अभ्यास में भाग लिया लेकिन लखनऊ सुपरजायंट्स ने मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में उनकी भूमिका का खुलासा नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ की टीम ने राहुल का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किया था, जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे। टीम इस मैच में निकोलस पूरन की अगुवाई में मैदान में उतरी थी और उसने मैच को 21 रन से अपने नाम किया था।

### श्रीलंका अब भी मजबूत बांग्लादेश 178 पर ढेर

**चटगांव।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को श्रीलंका अपनी दूसरी पारी में 102 रन के अंदर छह विकेट गंवाने के बावजूद बेहद मजबूत स्थिति में है। श्रीलंका ने बांग्लादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट कर 353 रन की बढ़त हासिल की थी। दिन का खेल खत्म होते समय अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज 39 जबकि प्रभात जयसूर्या तीन रन बनाकर नाबाद थे। श्रीलंका की कुल बढ़त 455 रन की हो गई है और दो दिन का खेल बचा हुआ है। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर एक विकेट पर 55 रन से आगे से की लेकिन तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो ने 34 रन देकर चार विकेट झटके जिससे घरेलू टीम लगातार तीसरी बार 200 रन से कम के स्कोर पर आउट हो गई।

## मैनचेस्टर सिटी-आर्सेनल का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। इस प्रतियोगिता में अभी नौ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

## मैड्रिड की बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर की अनुपस्थिति में रोड्रिगो ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए दो गोल किए। इससे रियल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त बरकरार रखी। वीनीसियस जूनियर पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे लेकिन रोड्रिगो ने उनकी कमी नहीं खलने दी। बार्सिलोना ने एक अन्य मैच में लास पामास को 1-0 से पराजित किया। रियल मैड्रिड की यह लगातार तीसरी जीत है, जिससे उसके 30 मैच में 75 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना 30 मैच में 67 अंक लेकर दूसरे जबकि गिरोना 30 मैच में 65 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# चहल-बोल्ट चमके, रॉयल्स ने मुंबई को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की

### राजस्थान ने 6 विकेट से हराया, बोल्ट-चहल को 3-3 विकेट, पराग की फिफ्टी

भाषा ▶▶ मुंबई

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए।



### मुंबई-125/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का सैमसन बो बर्गर | 16 |
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 00 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 |
| ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 |
| तिलक का अश्विन बो चहल | 32 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो चहल | 34 |
| चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 |
| गेराल्ड को हेटमायर बो चहल | 04 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 |
| आकाश मधवाल | 04 |

अतिरिक्त: 07
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर: 125 रन
विकेट पतन: 1-1, 2-1, 3-14, 4-20, 5-76, 6-83, 7-95, 8-111, 9-114
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

### राजस्थान-127/4 (15.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का डेविड बो मफाका | 10 |
| बटलर का चावला बो मधवाल | 13 |
| संजू सैमसन बो मधवाल | 12 |
| रियान पराग नाबाद | 54 |
| अश्विन का वर्मा बो मधवाल | 16 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 |

अतिरिक्त: 14
कुल: 15.3 ओवर में चार विकेट पर: 127 रन
विकेट पतन: 1-10, 2-42, 3-48, 4-88
गेंदबाजी: मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

खास खबर

## चानू ने ओलंपिक में सुनिशिचत की जगह



*फुकेट। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्लूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।*

### हॉकी शिविर के लिए चुनी 60 सदस्यीय टीम

**बेंगलुरु।** गोलकीपर सविता पूनिया और फारवर्ड वंदना कटारिया जैसी अनुभवी खिलाड़ियों सहित 60 खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुए सात दिन के मूल्यांकन शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर के बाद ट्रायल्स होंगे जिसके आधार पर राष्ट्रीय टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मूल्यांकन शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में किया जा रहा है। भविष्य के कोचिंग शिविर और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए संभावित खिलाड़ियों की संख्या 33 करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पहली बार प्रत्येक गेम और श्रेणी में शीर्ष आठ टीमों के बीच 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि बांटी जाएगी।

## 17 अप्रैल को रॉयल्स-केकेआर के मैच का बदल सकता है कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स के 17 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू आईपीएल मैच के कार्यक्रम में बदलाव लगभग तय है। स्थानीय पुलिस ने उस दिन रामनवमी समारोह के कारण पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को यह जानकारी दी है।

सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है। कोलकाता में मतदान एक जून को होगा। कोलकाता पुलिस ने कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा, 'मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनान किया गया है। इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा।' कैब ने सुझाव दिया है कि मैच को या तो एक दिन पहले कर दिया जाए या 24 घंटे आगे बढ़ाकर 18 अप्रैल को किया जाए।




### कौजियर को हराकर आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

## अस्थाना बनीं राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियन



**नई दिल्ली।** स्थवी अस्थाना ने घुड़सवारी राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियनशिप में सोमवार को यहां व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्थवी का यह दो चरण वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा पोडियम (शीर्ष तीन रहना) स्थान है। वह इसके शुरुआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। स्थवी को 'जंप' और 'शो जंपिंग' वर्ग में चार-चार पेनल्टी अंक मिले जबकि ड्रेसेज और क्रास कंट्री में उन्होंने कोई अंक नहीं गंवाया। वह कुल 36.9 अंक के साथ विजेता बनी।

### अभी तक प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स

# लखनऊ के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है। पाटीदार की खराब फॉर्म जारी है और आरसीबी उनको विश्राम देकर सुयस प्रभुदेसाई जैसे खिलाड़ियों को मौका दे सकता है।



### राहुल की फिटनेस पर नजर

लखनऊ की अपने कप्तान केएल राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है। उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे। यह लखनऊ ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छी खबर है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे।

## बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की 16 को बुलाई बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है जिसमें फ्रेंचाइजी के लिए नीलामी राशि में संभावित बढ़ोतरी और खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने पर चर्चा हो सकती है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, 'आईपीएल टीम मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है। इसमें खिलाड़ियों को अपनी टीम के साथ जोड़े रखने और नीलामी रकम में संभावित वृद्धि के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। फिलहाल टीमें खिलाड़ियों पर 100 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। बैठक में बीसीसीआई सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और आईपीएल चेयरमैन शामिल होंगे।












# मुंबई में बनने जा रहा देश का पहला ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन, देश का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई को देश का सबसे ताकतवर सैन्य अड्डा बनाने की प्लानिंग हो रही है। पहली बार देश की आर्थिक राजधानी में ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन बनाने की योजना बन रही है। यहां पर तीनों सेनाओं का संयुक्त स्टेशन होगा।

यहीं से तीनों सेनाएं आपस में और ज्यादा बेहतर सामंजस्य से काम कर पाएंगी। साथ ही देश की पश्चिमी सीमा अधिक सुरक्षित हो जाएगी। संभावना है कि यह स्टेशन इंटीग्रेटेड थियेटर कमांड से पहले बनकर तैयार हो जाए। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना को जल्द ही अमल में लाया जाएगा।

1 तीनों सेनाएं ज्यादा बेहतर सामंजस्य से काम कर सकेंगी

2 स्कूल, अस्पताल, खेल कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग फैसिलिटी

3 कोयम्बटूर के पास सुलूर और गुवाहाटी में भी बनेंगे स्टेशन

## तीनों सेनाओं से जुड़ी हर सुविधा मौजूद होगी

## दो और कॉमन डिफेंस स्टेशन बनाए जाएंगे

ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन से फायदा ये होगा कि देश के पश्चिमी तट और इलाके में तीनों सेनाएं एकसाथ किसी भी तरह के ऑपरेशन को मिल कर अंजाम दे पाएंगी। साथ ही सैनिकों और उनके परिजनों के लिए यहां पर स्कूल, अस्पताल, खेल कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग फैसिलिटी होगी। तीनों सेनाओं के लिए जारी होने वाला फंड एक ही चैनल से आएगा। इतना ही नहीं मुंबई के बाद कोयम्बटूर के पास सुलूर और गुवाहाटी में दूसरा और तीसरा कॉमन डिफेंस स्टेशन आएगा। सुलूर में स्टेशन का कमान वायुसेना संभालेगी। गुवाहाटी में थल सेना यह काम करेगी।

**हर प्रकार की सुविधा**

एक ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन में तीनों सेनाओं से जुड़ी हर सुविधा मौजूद होती है। मुंबई में बनने वाला ट्राई-सर्विस डिफेंस स्टेशन तीनों सेनाओं के बीच और बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए बनाया जा रहा है। यहां पर तीनों सेनाओं के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। रिपेयरिंग की सुविधाएं होंगे। मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाएगी। व्यक्तिगत सेवाओं को एक जगह किया जाएगा।

**अभी नहीं है कॉमन स्टेशन**

फिलहाल देश में एक भी कॉमन डिफेंस स्टेशन नहीं है। जहां से तीनों सेनाएं एक साथ ऑपरेट करती हों। इससे पहले 2001 में अंडमान और निकोबार कमांड को ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस के तौर पर तैयार किया गया था। अभी तीनों सेना अलग-अलग जगह से ऑपरेट करती हैं। मुंबई में तीनों सेनाओं के डिफेंस स्टेशन का नेतृत्व नौसेना करेगी, क्योंकि उसकी मौजूदगी वहां पर सबसे ज्यादा है।

## पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिकी राजदूत के बयान पर जयशंकर का पलटवार

# कुछ होगा तो हम भी बताकर खुश होंगे, इससे देश सुरक्षा के हित जुड़े

*खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। अभी इस संबंध में और कुछ कहने के लिए कुछ भी नहीं है।*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में किसी सरकारी अधिकारी की संलिप्तता होने की जांच चल रही है क्योंकि इससे देश की सुरक्षा के हित भी जुड़े हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के एक बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह बयान दिया। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राजदूत अपनी सरकार की सोच या स्थिति के अनुसार जो सही होगा, वही कहेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि खासतौर से इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है जिसकी हम जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भारत के खुद के सुरक्षा हित भी जुड़े हुए हैं।

**1 भारत अमेरिका मिलकर कर रहे जांच**

**2 भारत ने अमेरिका को दिया सहयोग**

### दोनों देश एक दूसरे को कर रहे सहयोग

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को कथित तौर पर मारे जाने की साजिश के मामले की जांच भारत और अमेरिका मिलकर कर रहे हैं। यह बात भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कही। गार्सेटी ने कहा- मैं बहुत खुश हूं कि भारत हमारे साथ इस मामले की जांच कर रहा है। अब तक हमने भारत से जो भी सहयोग मांगा, वो हमें मिला है। और यही हमने भी किया है। दोनों देश एक दूसरे को सहयोग दे रहे हैं।

### यूएई में भारत के प्रति धारणा बदल गई

जयशंकर ने कहा मैं विदेश में सबका साथ सबका विकास की बात करता हूं। आज दुनिया की सोच भारत के लिए बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यूएई में भारत के बारे में धारणा बदल गई है। उन्होंने हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और आज यूएई के साथ व्यापार लगभग 80 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है और हमारे भारत के लोग जो वहां बसे हैं, वहां रोजगार कर रहे हैं।

### रूस में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाएंगे

*भारतीयों को नौकरी दिलाने का वादा कर रूस ले जाने के बाद उनके यूक्रेन संघर्ष में फंसने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने रूस सरकार के समक्ष बहुत मजबूती से इस मामले को उठाया है। उन्होंने कहा कि 'हम इन सभी लोगों को सुरक्षित भारत वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले महीने, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि रूसी सेना के साथ काम करने के लिए कई भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी किए जाने के मामले को भारत ने रूस के समक्ष मजबूती से उठाया है ताकि उन लोगों की शीघ्र रिहाई हो सके। उन्होंने भारतीय नागरिकों से अपील की थी कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंट की ओर से दिए गए प्रस्तावों के बहकावे में न आएं।*

### भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि आज भारत दुनिया के शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है इससे साफतौर पर लगता है कि बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने कहा कि यह होना पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी है। हमें पूरा विश्वास है कि अगले 25 वर्षों में हम भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे।

### पन्नू के बारे में जांच चल रही

पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में विदेश मंत्री ने कहा कि जब भी हमें जांच के बारे में कुछ कहना होगा तो हमें इसके बारे में बात करके काफी खुशी होगी। अभी यह कहने के अलावा कुछ भी नहीं है कि इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें भारत के खुद के सुरक्षा हित भी जुड़े हुए हैं।

### प्रयास से सोच बदलती है

जयशंकर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 2016 में यूएई गए थे। इससे पहले पीएम इंदिरा गांधी थीं जो यूएई गई थीं और उनके बाद 2016 तक कोई पीएम वहां नहीं गया। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर हमारी तरफ से प्रयास हुआ है तो उनकी सोच हमारे बारे में बदल जाती है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर फोकस करें केंद्रीय एजेंसियां: सीजेआई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सीबीआई के स्थापना दिवस पर केंद्रीय एजेंसियों को बड़ी नसीहत दी है। सीजेआई ने कहा कि चूंकि केंद्रीय एजेंसियों कम फैली हुई हैं। इसलिए उनको देश विरोध में हो रहे आर्थिक अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों की जांच पर ही फोकस करना चाहिए। सीबीआई रेजिंग डे पर दिल्ली के भारत मंडपम में हुए 20वें डीपी कोहली मेमोरियल लेक्चर में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सीबीआई को भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी के रूप में अपनी भूमिका से परे विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए कहा जा रहा है। यह सीबीआई पर अपने आदर्श वाक्य पर खरा उतरने की एक बड़ी जिम्मेदारी डालता है। उन्होंने कहा कि प्रमुख जांच एजेंसियों को सिर्फ ऐसे मामलों पर फोकस करने की जरूरत है, जो राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा हो।









## कच्चाथीवू द्वीप पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की दो टूक

# नेहरू के लिए नहीं थी अहमियत, इंदिरा का भी यही नजरिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कच्चाथीवू मसले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये ऐसा मुद्दा नहीं है, जो आज अचानक उठा है। ये मसला संसद और तमिलनाडु में लगातार उठता रहा है, इस पर बहस हुई है। इस मसले पर मैंने मौजूदा मुख्यमंत्री को 21 बार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मई 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लिखा था कि मैं इस छोटे से द्वीप को बिल्कुल भी महत्व नहीं देता और मुझे इस पर अपना दावा छोड़ने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। उनका रवैया ऐसा था कि जितना जल्दी कच्चाथीवू को श्रीलंका को दे दिया जाए, उतना बेहतर होगा। यही नजरिया इंदिरा गांधी का भी था। एस जयशंकर ने कहा कि चेन्नई में बैठकर बयान देना आसान है, लेकिन कच्चाथीवू में पकड़े जाने वाले भारतीय मछुआरों को कैसे छुड़ाया जाता है, ये हम जानते हैं।



**डीएमके को पूरी जानकारी**

*जयशंकर ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके डीएमके ऐसा दिखा रही हैं कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और यह अभी-अभी का मसला है। जबकि, उन्होंने ही इसे अंजाम दिया था। जनता को ये जानने का अधिकार है कि 1974 में कच्चाथीवू को कैसे दे दिया गया। डीएमके लीडर और तब के सीएम एम. करुणानिधि को भी इस समझौते की पूरी जानकारी थी।*

### कच्चाथीवू का काला किस्सा

1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश का एक टुकड़ा काटकर दोस्ती के नाम पर श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरीमावो भंडारनाइके को सौंप दिया था और इसका नाम था 'कच्चाथीवू द्वीप'। साल 1974 में जून-अगस्त के बीच दो बैठकें हुईं पहली दिल्ली में और दूसरी कोलंबो में। कच्चाथीवू के लिए न कोई जनमत संग्रह हुआ था न संसद में प्रस्ताव बस एक तानाशाही फैसला दो हस्ताक्षर। और कच्चाथीवू द्वीप पर लहराने लगा श्रीलंका का झंडा। यह रामेश्वरम (तमिलनाडु) से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 25 किलोमीटर) की दूरी पर बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के नीले पानी के बीच स्थित लगभग डेढ़ वर्ग किलोमीटर की वह जगह है, जिसे अपने ही देश ने बड़ी खामोशी से 'काला पानी' की सजा सुना दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109